हरिभूमि
# नर्मदापुरम भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, बुधवार 13 दिसंबर 2023

04 नौ कुंडीय गायत्री महायज्ञ से पहले नगर में निकाली...



08 स्वच्छता अभियान की उड़ी धज्जियां, नालियां ...





### संवेदनशील और अतिसंवेदनशील केंद्रों पर खास नजर

## नकल रोकने कवायदः अब तीसरी आंख नजर रखेगा बोर्ड परीक्षाओं पर

**लोकसभा चुनाव अप्रैल-मई में हो सकते हैं, इसे दृष्टिगत रखते हुए इस बार बोर्ड परीक्षाएं समय से पहले हो रही हैं। हालांकि बोर्ड परीक्षा में इस बार सीसीटीवी कैमरे से निगरानी रखने के निर्देश विभाग द्वारा प्राप्त किया गया है। जिसकी सूची भी भेजी जा चुकी है। स्कूल की सूची भी निकाली जा रही है।**

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

इस वर्ष लोकसभा के चुनाव के कारण माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा आयोजित होने वाली बोर्ड परीक्षाएं समय से पहले आयोजित होगी। हालांकि बोर्ड परीक्षाओं में इस बार नकल रोकने नई कवायद शिक्षा विभाग द्वारा की जा रही है। 10 वीं और 12 वीं की बोर्ड परीक्षाओं की तैयारी विभागीय स्तर से शुरू हो चुकी है, लेकिन यह परीक्षा इस बार सीसीटीवी कैमरों की निगरानी में कराई जाएगी। जिसकी सूची माध्यमिक शिक्षा मंडल की ओर से मांगी गई है। जिले में ऐसे विशेष स्कूल जहां पर नकल प्रकरण बनने की संभावना ज्यादा रहती है उन स्कूलों में




खासतौर पर सीसीटीवी कैमरे लगाने के निर्देश विभाग द्वारा दिए गए हैं। हालांकि जिला शिक्षा अधिकारी की ओर से भी ऐसे स्कूलों की सूची भेजी गई है। संवेदनशील केन्द्र और अतिसंवेदनशील पर अनिवार्य रूप से कैमरे लगाए जाने के आदेश हैं। जिला शिक्षा अधिकारी एसपीएस बिसेन ने बताया कि बोर्ड परीक्षाओं के आयोजन के दौरान परीक्षा केन्द्रों पर सीसीटीवी कैमरे से निगरानी की जाएगी, जिसका पत्र प्राप्त हुआ है। विभाग द्वारा भी सूची बनाकर भेज दी गई है। जिसमें संवेदनशील व अतिसंवेदनशील केन्द्रों पर विशेष फोकस किया जाएगा। हालांकि कई स्कूलों में सीसीटीवी कैमरे पहले से ही लगे हुए हैं जिनकी जांच के आदेश दिए गए हैं।

### 29 हजार 250 परीक्षार्थी होंगे शामिल

इस वर्ष बोर्ड परीक्षाओं के दौरान लोकसभा चुनाव होने की संभावनाओं को दृष्टिगत रखते हुए परीक्षाओं को पहले कराया जा रहा है। जिससे पेपर देने वाले छात्र को कम समय तैयारी के लिए मिलेगा। यही कारण है कि इसका असर बोर्ड परीक्षाओं पर पड़ेगा। इस वजह से माध्यमिक शिक्षा मंडल ने बोर्ड परीक्षाओं को फरवरी में आयोजित करने का निर्णय लिया है। हालांकि जिले में होने वाली बोर्ड परीक्षाओं में इस बार 75 परीक्षा केन्द्र बनाएं जाएंगे। इनमें 29 हजार 250 परीक्षार्थी शामिल होंगे। विभाग ने इसकी तैयारी शुरू कर दी है। साथ ही परीक्षा केन्द्रों पर व्यवस्थाओं के संबंध में जानकारी बुलाई गई है।

### 5 फरवरी से शुरू होंगी परीक्षाएं

माध्यमिक शिक्षा मंडल के कार्यक्रम के तहत 10वीं की परीक्षाएं 5 फरवरी से 28 फरवरी तक होनी है। वहीं 12वीं की परीक्षाएं 6 फरवरी से 5 मार्च तक चलेंगी। परीक्षाओं का

**खास बातें**

- कक्षा - 10वीं
- नियमित - 15292
- स्वाध्यायी - 1301
- कुल - 16 हजार 593
- कक्षा - 12वीं
- नियमित - 11050
- स्वाध्यायी - 1607
- कुल - 12 हजार 657

समय सुबह 9 बजे से 12 बजे का रखा गया है। जिसके लिए परीक्षार्थियों को 8 बजे पहुंचने के निर्देश दिए गए है। परीक्षा पूर्ण होने से 15 मिनट निकलने के बाद सुबह 8.45 बजे के बाद किसी भी छात्र को परीक्षा हॉल में प्रवेश नहीं दिया जाएगा।

### शिक्षा की गुणवत्ता सुधारने में जुटा विभाग

जिला शिक्षा अधिकारी के अनुसार इस वर्ष परीक्षाओं का आयोजन पहले हो रहा है। जिसे दृष्टिगत रखते हुए बच्चों के रिजल्ट पर विपरित प्रभाव न पड़े इस पर विशेष तौर पर ध्यान दिया जा रहा है। साथ ही उनकी पढ़ाई के समय में भी और पूरी नींद लेने के भी लिए उन्हें सचेत किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि परिजनों से भी आग्रह है कि वह परीक्षा के दौरान अपने बच्चों का विशेष ख्याल रखें। ताकि वह किसी प्रकार का तनाव न रखें।

## जो रखते हैं हमारा ख्याल, अब उनके ह्रदय और बीपी का रखा जाएगा ख्याल

**45 वर्ष की आयु पास कर चुके कर्मियों को विशेष रूप से हिदायत**

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

लॉ एंड ऑर्डर को बनाए रखने में पुलिस की अहम भूमिका है। ऐसे में पुलिस का स्वस्थ रहना जरूरी है, लेकिन नर्मदापुरम समेत पूरे प्रदेश में पुलिसकर्मियों का ध्यान रखने की कोई समुचित और नियमित व्यवस्था नहीं है। पुलिसकर्मी भी लगातार ड्यूटी पर रहते हैं। ऐसे में उन्हें स्वास्थ्य लाभ देना जरूरी है। इसी को देखते हुए अब सभी पुलिसकर्मियों का स्वास्थ्य परीक्षण किया जाएगा। पुलिस कर्मियों की मांग और अथक भूमिका को देखते हुए पीएचक्यू ने अपने सभी कर्मियों (जो 45 वर्ष की आयु पार कर चुके हैं) के विशेष रूप से ह्रदय संबंधी प्रोफ़ाइल और हाई बीपी रिस्क देखने के लिए स्वास्थ्य जांच कराने का निर्देश दिया है। विभाग ने इसके लिए 2000 रुपये की राशि भी आवंटित की है। दरअसल पुलिसकर्मियों के बीच बढ़ती स्वास्थ्य समस्याओं ने पुलिस विभाग में चिंता बढ़ा दी है, जिसके चलते पीएचक्यू को इस संबंध में निर्देश जारी करने पड़े हैं।

### नर्मदापुरम सहित सभी जगह भेजे निर्देश

मैदान पर तैनात पुलिस कर्मी आम तौर पर दिन में लगभग 10 घंटे काम करते हैं और वीआईपी मूवमेंट और लॉ एंड आर्डर पर तैनात पुलिसकर्मी दिन में 15 घंटे से अधिक समय तक ड्यूटी पर रहते हैं। कई बार पुलिसकर्मियों को ठीक से खाना नहीं मिल पाता है। इन सबका असर उनके स्वास्थ्य पर पड़ा है। पीएचक्यू के अनुसार प्रदेश के स्वास्थ्य और परिवार कल्याण सचिव सुदाम खाड़े ने प्रदेश के सभी मुख्य चिकित्सा और स्वास्थ्य अधिकारियों को पुलिस कर्मियों के स्वास्थ्य जांच की व्यवस्था करने के लिए पत्र लिखा है।

### कार्डियोवास्कुल प्रोफाइल जरूरी

इस जांच शिविर में चिकित्सक पुलिस कर्मियों के कार्डियोवैस्कुलर प्रोफाइल, उच्च रक्तचाप और स्तन कैंसर की जांच करेंगे। यहाँ पुरुष पुलिसकर्मियों को तीन तरह के टेस्ट से गुजरना होगा, जबकि महिला कर्मियों को दो परीक्षणों का सामना करना पड़ेगा। सरकारी और मान्यता प्राप्त निजी अस्पतालों को पुलिस कर्मियों के स्वास्थ्य परीक्षण के लिए अधिकृत किया गया है।

## जनसुनवाई में आए आवेदनों का किया गया निराकरण



**नर्मदापुरम।** मंगलवार को कलेक्ट्रेट कार्यालय में जनसुनवाई कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें अपर कलेक्टर नर्मदापुरम देवेंद्र कुमार सिंह ने अधिकारियों के साथ जनसामान्य की समस्याओं पर गंभीरता से सुनवाई कर उनका निराकरण किया। जनसुनवाई में आए 60 आवेदनों पर सुनवाई की गई। उन्होंने संबंधित विभागों के अधिकारियों को प्राप्त आवेदनों का शीघ्र निराकरण करने के निर्देश दिए। साथ ही पिछली जनसुनवाई में आए आवेदनों के निराकरण की स्थिति की जानकारी भी ली। जनसुनवाई में संयुक्त कलेक्टर फरहीन खान सहित अन्य सभी विभागों के अधिकारी उपस्थित रहें।

### पोस्टर बनाकर दिया जागरूकता संदेश

**नर्मदापुरम।** नर्मदा कॉलेज में एड्स जागरूकता सप्ताह के अंतर्गत आज पोस्टर प्रतियोगिताएं संपन्न हुईं। प्राचार्य डॉ ओएन चौबे के मार्गदर्शन में एनसीसी नेवल कैडेट्स ने एचआईवी संक्रमण, रेड रिबन, मरीजों के प्रति सहानुभूति और बचाव के संदर्भ में पोस्टर निर्मित किए ,जिनका उद्देश्य समाज में एड्स के खिलाफ लोगों को जागरूक करना और इस घातक बीमारी के बारे में बताना रहा। संयोजक डॉ यास्मीन खान ने बताया कि इसके अंतर्गत रैली ,भाषण और अन्य प्रतियोगिताएं की जानी है। इस अवसर पर प्रिया, अंजना, अंजलि, नीलम, दुर्गा, ज्योति ,आरती मौजूद रही।

## रेत कंपनी की आंखों के नीचे से चुरा रहे माफिया रेत, डंपर पकड़ा

**खदान से कराया जा रहा था अवैध परिवहन**

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

वैसे तो जिला रेत चोरी के मामलों में पूरे देश में हमेशा ही सुर्खियां बटोरता है, लेकिन अब तो हद इस बात की हो गई कि ठेका कंपनी ने पैसा जमा करके खदानें नियम व शर्तों के साथ ली है। लेकिन रेत चोरों के हौसले इतने बुलंद है कि वह इसे धता बताकर अवैध खनन करने के प्रयास निरंतर करते रहते हैं। ऐसा ही मामला बीती रात सुर्खियों में आया। जिसमें तीन ठेका कंपनियों ने जिले की 118 खदानों को करीब 175 करोड़ में अलग अलग नीलामी हुई है। जानकारी के अनुसार रेत ठेका लेने वाली सिल्वर मिस्ट रिटेल प्राइवेट लिमिटेड कंपनी के स्टाफ की सूचना पर खनिज विभाग और पुलिस द्वारा 6 दिसंबर की रात्रि करीब 9 बजे ग्रीन पार्क ढाबे के पास से बिना रॉयल्टी रेत से भरे हुए डंपर क्रमांक एमपी 05 जी 8140 को पकड़ा था। डंपर की जांच में रेत



रॉयल्टी नहीं पाई गई थी। बताया जाता है तो उक्त डंपर में निमसाडिया खदान से अवैध परिवहन कराया जा रहा था। जिसकी सूचना रेत ठेका कंपनी तक पहुंची थी। उक्त डंपर को खनिज विभाग द्वारा पुलिस के साथ पकड़ा गया और जिसे पुलिस सुरक्षा में देहात थाने में खड़ा कराया गया है। मामले में खनिज निरीक्षक पिंकी चौहान ने बताया कि खनिज और पुलिस विभाग की संयुक्त कार्यवाही में रेत ठेका कंपनी की सूचना पर उक्त डंपर को पकड़ा गया था। डंपर में रेत से संबंधित कोई भी रॉयल्टी नहीं पाई गई, मामले में जांच की जा रही है। रेत ठेका कंपनी मैनेजर रूपेश पैठे ने बताया कि उन्हें सूचना मिल रही थी कि निमसाड़ियां रेत खदान से बिना रॉयल्टी के चोरी हो रही है। डंपर से रेत परिवहन की सूचना पर खनिज विभाग को जानकारी दी गई थी, पकड़े गए डंपर से रेत रॉयल्टी नहीं पाई गई। हालांकि घटना के बाद डंपर को पुलिस की अभिरक्षा में देहात थाने में खड़ा किया गया है। चूंकि प्रकरण रेत चोरी से जुड़ा है इसलिए कार्रवाई खनिज विभाग द्वारा ही की जाएगी। हालांकि शाम तक खनिज अधिकारी देवेश मरकाम से बात नहीं हो पाई थी। इसलिए यह स्पष्ट नहीं हो पा रहा कि डंपर पर कितने रूपए का जुर्माना विभाग द्वारा लगाया जाएगा। ठेका कंपनी से सूत्र बताते हैं कि बिना रायल्टी के डंपर रेत लेकर जा रहा था, जिसे घेराबंदी कर पकड़ा गया है।

## सभी के लिए स्वतंत्रता, न्याय और समानता थीम पर निकाली गई रैली

**बाल अधिकारों के प्रति सजग रहने और बाल मजदूरी का पुरजोर विरोध**

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

श्रम विभाग के साथ जीवोदय सोसाइटी द्वारा 12 दिसंबर मानव अधिकार दिवस 2023 के अवसर पर, इटारसी शहर में रैली का आयोजन किया गया। यह रैली मानव अधिकार दिवस 2023 की थीम 'सभी के लिए स्वतंत्रता, न्याय एवं समानता₹ पर आधारित थी। जिसमे बच्चो को केंद्रित करते हुए उनके मुख्य अधिकारों के बारे में जागरूक किया गया। इस रैली का आयोजन श्रम विभाग नर्मदापुरम एवं शासकीय कन्या महाविद्यालय के सहयोग से किया गया। रैली में बच्चों ने जमकर नारे बाजी की और लोगो को बाल अधिकारों के प्रति सजग किया व बाल मजदूरी का पुरजोर विरोध करते हुए उनके विकास और सुरक्षा के साथ शिक्षा में उनकी भागीदारी को सुनिश्चित करने का सन्देश दिया। साथ ही बाजार में उपस्थित लोगों से हस्ताक्षर अभियान अंतर्गत हस्ताक्षर भी कराये जिसमें उनके द्वारा बाल मजदूरी, बाल शोषण, गैर बराबरी और भेदभाव नहीं करने प्रतिज्ञा ली गई।


आयोजित रैली में श्रम विभाग नर्मदापुरम की निरीक्षक ज्योति अईयर, जीवोदय सोसाइटी से निदेशक सिस्टर क्लारा अनिमोटिल, सहायक निदेशक जोडी, कार्यक्रम प्रबंधक फ्रांसिस तक्केल एवं कार्यक्रम अधिकारी सन्नी जोशी के साथ बाल गृह एवं बालिका गृह का समस्त स्टाफ एवं शासकीय कन्या महाविध्यालय के प्रोफेसर श्रीमान डॉ शिरीष परसाई फिजिक्स विभाग, डॉ नेहा सिकरवार, प्रिया कलीसिया, क्षमा वर्मा एवं करिश्मा कश्यप उपस्थित थी। रैली में 100 से अधिक बच्चों ने भाग लिया जिसमे शासकीय कन्या महाविद्यालय से 50 से अधिक बालिकाए, जीवोदय बाल एवं बालिका गृह से 30 से अधिक बालक बालिकाए और बाल समुदाय से 20 से अधिक बच्चो और उनके माता पिता ने हिस्सा लिया।

रैली के अंत में जीवोदय सोसाइटी की निदेशक सिस्टर क्लारा ने बच्चो को संबोधित करते हुए सन्देश दिया कि इस वर्ष 2023 के मानवाधिकार दिवस का नारा सभी के लिए गरिमा, स्वतंत्रता और न्याय₹ से अवगत कराया गया। उन्होने यह भी बताया कि, मानवाधिकार दिवस प्रतिवर्ष 10 दिसंबर को मनाया जाता है, यह उस दिन की याद दिलाता है जब 1948 में संयुक्त राष्ट्र महासभा ने मानवाधिकारों की सार्वभौम घोषणा को अपनाया था। यह उन अधिकारों का जश्न मनाता है और उन्हें बढ़ावा देता है जो किसी भी राष्ट्रीयता, लिंग, जातीयता, नस्ल, यौन अभिविन्यास या धर्म के लिए अपरिहार्य हैं। यह वर्ष 73वां मानवाधिकार दिवस और मानवाधिकारों की सार्वभौम घोषणा को अपनाने की 75वीं वर्षगांठ दोनों है। इस दिवस का महत्व भी बताते हुए कहा कि, प्रत्येक व्यक्ति की मानवता की रक्षा और संरक्षण के लिए मानवाधिकारों की आवश्यकता है।

## सीईओ ने प्राथमिक शाला सांवलखेडा का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

निपुण भारत मिशन के अंतर्गत सोमवार को मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत नर्मदापुरम सुजान सिंह रावत द्वारा शासकीय प्राथमिक शालाओं का निरीक्षण किया गया। इस दौरान नुपिण प्रोफेशनल प्रियांशी वर्मा, सीईओ जनपद पंचायत हेमंत सूत्रकार एवं जिला सह समन्वयक साक्षरता जिला शिक्षा केन्द्र संजीव द्विवेदी उपस्थित रहें। सीईओ जिला पंचायत श्री रावत द्वारा प्राथमिक शाला सांवलखेडा में बच्चों एवं शिक्षकों को मार्गदर्शन दिया गया। उन्होंने कक्षा 1 से कक्षा 3 के बच्चों में बुनियादी साक्षरता एवं संख्या ज्ञान बढ़ाने के लिए एफएलएन गतिविधियों एवं निपुण लक्ष्यों की पूर्ति के लिए शिक्षकों को शिक्षक संदर्शिका अंकुर के अनुसार व्यापक पाठ्य योजना, बच्चों द्वारा वर्कबुक पर नियमित प्रयास, भाषा विकास, भाषा लेखन एवं संख्या ज्ञान तथा गणित की समझ बढ़ाने के लिए



विभिन्न गतिविधियों पर चर्चा की गई। निरीक्षण के दौरान बच्चों की निपुण दक्षताओं के अवलोकन के लिए बच्चों की मौखिक, लिखित एवं गणितीय संक्रियाओं को परखा गया। मुख्य कार्यपालन अधिकारी रावत द्वारा बच्चों से पुस्तक पढ़वाकर एवं गणित के प्रश्नों को हल करवाकर भी देखा गया। उल्लेखनीय है कि सत्र 2020 में आई नई शिक्षा नीति अंतर्गत प्राथमिक शालाओं के बच्चों में शारीरिक बौद्धिक एवं संपूर्ण विकास के लिए निपुण भारत मिशन को प्राथमिकता दी गई है। मध्य प्रदेश शासन द्वारा प्रत्येक बच्चा निपुण बनाने हेतु मिशन अंकुर के रूप में प्रयास किये जा रहे है।

## नर्मदापुरम ने बैतूल को 10 रनों से हराया

**इंटर डिस्ट्रिक अंडर 18 मेमोरियल ट्राफी**



हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

नर्मदापुरम संभाग क्रिकेट एसोसिएशन मानसेवी सचिव अनुराग मिश्रा ने बताया कि मंगलवार को खेले गए मैच के दूसरे दिन के खेल में बैतूल टीम ने 238 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए साहिल कवड़े के 92 रनों की पारी तथा आयुष तिवारी 31 तनिष्क सोलंकी 31 रनों की परी की बदौलत 227 रनों पर आउट हो गई।

नर्मदा पुरम टीम की ओर से गेंदबाजी करते हुए सौरव वर्मा 3 विकेट अथर्व दुबे 3 विकेट तथा विधान दुबे ने 2 विकेट का योगदान दिया और टीम को 10 रनों से विजय दिलाई। इस तरह नर्मदापुरम ने यह मैच 10 रनों से जीत लिया। प्रतियोगिता का तीसरा मैच बैतूल एवं हरदा के मध्य कल सुबह खेला जाएगा।

### पचमढ़ी में रात के तापमान में मामूली गिरावट, दिन का 1.6 डिसे लुढ़का

## जीवनशैली में दिल की उपयोगिता को समझें युवा, रहेंगे स्वास्थ

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

पिछले कुछ दिनों से तापमान में लगातार उतार-चढ़ाव बना हुआ है। ऐसे में दिन के तापमान में बढ़त और रात का तापमान में हल्की गिरावट देखने को मिल रही थी। मगर मंगलवार को हल्के बादलों के कारण दिन के तापमान में मामूली से गिरावट आई है। वहीं रात का तापमान 1.1 डिग्री सेल्सियस बढ़त के बाद 15.6 डिसे दर्ज किया गया है। वहीं अधिकतम तापमान 28.8 रहा है।

मौसम में हो रहे परिवर्तन को देखते हुए चिकित्सक भी सलाह दे रहे हैं कि इन दिनों सर्दी, खांसी, बुखार के साथ हार्ट, पैरालाइसिस, अस्थमा अटैक का होता है। ऐसे में इन बीमारियों से पीड़ित मरीज विशेष सावधानी बरतें। जिला चिकित्सालय के डॉ शीवेन्द्र शर्मा का कहना है कि सर्दी में कमर व सिर दर्द के मरीज भी लगभग 20 प्रतिशत तक बढ़ जाते हैं। ऐसे में इलाज के साथ ही पर्याप्त धूप मरीजों के लिए जरूरी रहती है। उन्होंने बताया कि कभी बड़े बुजुर्गों में होने वाली दिल की बीमारी अब युवाओं में भी देखने को मिल रही है। ऐसे में इन्हें भी पर्याप्त ध्यान अपनी जीवनशैली पर देने की जरूरत है।

**बदल रही जीवनशैली**

आधुनिकता की अंधी दौड़ में जिंदगी का सफर कब थम जाए इसकी कोई गारंटी नहीं है। युवा वर्ग में हार्ट अटैक साइलेंट किलर की तरह साबित हो रहा है। ऐसे में युवाओं को भी खास सावधानी की भी जरूरत होती है। चिकित्सक बताते हैं कि हार्ट अटैक के मरीज को अचानक सीने में दर्द, घबराहट के बाद सांसे थमने की समस्या देखने को मिल रही है। इसके पीछे तेजी से बदलती लाइफ स्टाइल और गलत खान-पान कुछ हद तक जिम्मेदार है। वहीं युवा वर्ग ऑफिस में काम को लेकर हद से अधिक तनाव लेते हैं जो भी एक कारण सामने आ रहा है।

### जितना ज्यादा रखेंगे ख्याल उतनी सेहत सुधरेगी

चीन में फैली श्वांस संबंधी बीमारी को लेकर स्वास्थ्य विभाग में पहले ही अलर्ट जारी कर दिया है। इसके साथ ही हीट बेव का भी अलर्ट जिले में जारी है। हालांकि वर्तमान समय में चिंता की जरूरत नहीं है। सिर्फ कुछ नियम और परवरिश से इन बीमारियों से बच्चों की सेहत सुधारी जा सकती है।



**पचमढ़ी।** सर्दी के सीजन में हिल स्टेशन की वादिया सूरज की हल्की रोशनी के साथ ही खिल उठती है। अल सुबह कोहरे की चादर सैलानियों को आनंदित कर रही है। वहीं अधिकतम और न्यूनतम तापमान में गिरावट से ठंड अपने शबाब पर देखी जा रही है। मंगलवार को हिल स्टेशन का अधिकतम तापमान 1.6 डिग्री सेल्सियस की गिरावट के बाद 21 डिसे दर्ज हुआ जो सामान्य से 2 डिसे कम था। वहीं न्यूनतम तापमान में मामूली सी गिरावट दर्ज की गई और तापमान 8.8 डिसे पर जा ठहरा। हालांकि न्यूनतम तापमान सामान्य से 1.7 डिसे अधिक रहा। हवा की रफ्तार 4 से 10 किमी प्रति घंटा रही। वहीं मौसम में सुबह के समय आद्रता 95 प्रतिशत और शाम को 62 प्रतिशत दर्ज की गई।

## खबर संक्षेप



### जिला स्तरीय टेनिस बाल क्रिकेट प्रतियोगिता का नौवां दिवस

**आमला।** रेल्वे इंस्टीट्यूट और एपीएल समिति तथा नगरपालिका के संयुक्त तत्वधान में जिला स्तरीय टेनिस बाल क्रिकेट प्रतियोगिता के 9वे दिन तीन क्वार्टर फाइनल मैच खेले गए। जिसमे पहला मैच स्प्रेडिंग स्माइल और रेड रोज सारणी के बीच खेला गया।इस रोमांचक मैच में अंतिम ओवर में 90 रन का लक्ष्य हासिल कर 3 विकेट से मैच जीतकर स्प्रेडिंग स्माइल ने सेमीफाइनल में प्रवेश किया है।दूसरे मैच में रघुकुल और कार्वी क्लब के बीच खेला गया जो मैच 37 रनों से एकतरफा जीत दर्ज कर के कार्वी क्लब सेमीफाइनल में पहुंचने वाली दूसरी टीम बनी।तीसरा मैच टेमनी आठनेर और महाकाल बोरी के बीच हुआ बोरी क्लब ने 8 ओवरों में 88 रन बनाए जिस लक्ष्य को हासिल करने उतरी टेमनी क्लब ने अपना पहला विकेट शून्य रन पर ही खो दिया।इसके बाद रोहित बल्लेबाजी करने आए जिसने 36 महत्वपूर्ण रन बनाए लेकिन अंतिम ओवरों तक मैच गया जिसमे महाकाल बोरी ने 10 रनों से मैच जीतकर सेमीफाइनल में पहुंचने वाली तीसरी टीम बनी।अब बुधवार तीसरा क्वार्टर फाइनल खेला जाएगा जिसमे से चौथी टीम सेमीफाइनल में प्रवेश करेगी।

### हृदय गति रुक जाने से युवक की मौत

**सारनी।** निजी कंपनी में सुरक्षा प्रहरी का काम करने वाले एक युवक की हृदय गति रुक जाने से मौत हो गई है। यह घटना सोमवार मंगलवार दरमियानी रात की बताई जा रही है इस मामले में सारनी पुलिस ने मर्ग कायम करके विवेचना शुरू कर दी है।सारनी थाना प्रभारी अरविंद कुमरे ने बताया कि सारनी के वार्ड क्रमांक एक मठारदेव वार्ड में निवास करने वाले प्रवीण पिता हरिशचंद्र पाटील की बीती रात को छतरपुर माइंस के समीप हृदय गति हो जाने के कारण मौत हो गई घटना की जानकारी लगते ही मौके का निरीक्षण करने के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया पोस्टमार्टम रिपोर्ट में हृदय गति होने की वजह से प्रवीण पिता हरिशचंद्र पाटील की मौत होना दर्शाय गया है।इस मामले में मर्ग कायम करके विवेचना की जा रही है।बताया जाता है कि प्रवीण पाटिल निजी कंपनी में सुरक्षा प्रहरी का कार्य करता था।

### निःशुल्क रक्त समूह जांच शिविर संपन्न

**बैतूल।** मां शारदा सहायता समिति के पितृ पुरुष स्वर्गीय ओमप्रकाश सलूजा जी की स्मृति में मंगलवार मिडिल स्कूल सिमोरी में खासतौर पर ग्रामीण स्कूली बच्चों के लिए निःशुल्क रक्त समूह जाँच शिविर रखा गया जिसमें विद्यार्थियों के खून की जांच कर उनके खून का नाम बताया गया लैब के विजित नागपूरे ने सभी बच्चों को किस प्रकार खून के नाम की जांच की जाती है बताया इस अवसर पर शिक्षक शैलेन्द्र बिहारिया व ममता गोहर ने अतिथि सम्मान कर स्मृति चिह्न भेट किया इस अवसर पर उन्होंने कहा कि फ्री में बच्चों के रक्त समूह की जांच की गई अब विद्यार्थी उपस्थिति पंजी में बच्चों के नाम के साथ अब उनके खून का भी नाम लिखा जाएगा। इस अवसर पर जनशिक्षक हरिशंकर धुर्वे व नवनीत बारमासे उपस्थित थे।

### मां ताप्ती परिक्रमा पदयात्रा समिति की बैठक 17 को

**बैतूल।** प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी मां ताप्ती परिक्रमा पदयात्रा को की जा रही है। पदयात्रा की रूपरेखा को लेकर 17 दिसंबर, रविवार को सुबह 12 बजे से राधाकृष्ण धर्मशाला बैतूल गंज में बैठक आयोजित की गई है। समिति अध्यक्ष जितेन्द्र कपूर ने बताया कि बैठक में रूट का निर्धारण एवं सर्वे, व्यवस्था, पंजीयन आदि विषयों पर विचार विमर्श किया जाएगा। समिति ने सभी से उपस्थित होने का आग्रह किया है।

### एकीकृत शासकीय हाई स्कूल छतरपुर का मामला

# आदिवासी विद्यार्थियों से साफ करवाया जाता है शौचालय

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारनी

प्रदेश सरकार के माध्यम से आदिवासी समाज के विद्यार्थियों के लिए स्कूल में पढ़ाई का बेहतर माहौल बनाने के लिए नित्यनई योजना का संचार कर रहे हैं लेकिन शासकीय स्कूल के कई शिक्षक स्कूलों में एक अधिकार समझकर आदिवासी विद्यार्थियों से शौचालय की सफाई करने से भी बाज नहीं आ रहे हैं।आदिवासी छात्राओं से शौचालय साफ-सफाई किए जाने का मामला इन दिनों सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। बताया जाता है कि एकीकृत हाई स्कूल छतरपुर विद्यालय के प्राचार्य सुनीता साहू के माध्यम से आदिवासी विद्यार्थियों से स्कूल में बने शौचालय को झाड़ू से साफ करवाने का कार्य किया गया। यह मामला कोई एक या दो दिन का नहीं है बल्कि नियमित पिछले तीन माह से आदिवासी छात्राओं से के माध्यम से शौचालय की प्रतिदिन साफ-सफाई करने का कार्य किया जाता है। जिससे पीड़ित होकर विद्यार्थियों के माध्यम से अपने परिजनों को बताया गया और उनके परिजनों की उपस्थिति में छुप कर आदिवासी छात्राओं के द्वारा शौचालय की सफाई किए जाने का वीडियो बनाया गया और इस सोशल मीडिया पर वायरल किया गया है।आश्चर्य की बात तो यह है कि कई लोगों के माध्यम से ब्लॉक शिक्षा अधिकारी को इसकी शिकायत की गई लेकिन ब्लॉक शिक्षा अधिकारी इसे मानने को तैयार नहीं है।आदिवासी छात्रों के माध्यम से एकीकृत शासकीय हाई स्कूल छतरपुर में शौचालय की साफ-सफाई करवाई जाने को लेकर समाज में आक्रोश का माफ बना हुआ है।आश्चर्य की बात तो यह है कि एकीकृत शासकीय हाई स्कूल छतरपुर में जो शिक्षक प्राचार्य महिला है वह वेकोलि के अधिकारी की पत्नी बताई जाती है।राजनीतिक पहुंच की वजह से हर बार अपना स्थानांतरण रुकवा कर पाथाखेड़ा के आसपास की वेकोलि के गोद गांव में ही इनके माध्यम से नौकरी की जाती है।जिसकी वजह से ग्रामीण क्षेत्र के लोग इनका खुलकर विरोध नहीं कर पाते हैं।एक तरफ तो प्रदेश सरकार सीएम राइस स्कूल का निर्माण करवाने में जुटी है,ताकि आदिवासी समाज के विद्यार्थियों को बेहतर शिक्षा उपलब्ध हो सके लेकिन इस तरह के शिक्षकों की उपस्थिति में आदिवासी समाज की छात्राओं के साथ इस तरह का घनत्व कार्य करवाना वाक्य निंदनीय कृत्य है।इसको लेकर आदिवासी समाज का एक प्रतिनिधि मंडल जल्द ही जिला शिक्षा अधिकारी और कलेक्टर से मुलाकात करके स्कूल की प्रचार्य पर कार्रवाई किए जाने की मांग करेगा।





#### देखने के बाद निर्णय

एकीकृत शासकीय हाई स्कूल छतरपुर के प्रचार्य से इस संबंध में पूछा गया तो उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों के माध्यम से शौचालय का उपयोग करते हैं तो उनसे केवल पानी डलवाने का काम किया जाता है जबकि सोशल मीडिया पर जो वीडियो वायरल हो रहा है वह मेरे माध्यम से नहीं देखा गया है, देखने के बाद ही इस पर कोई निर्णय लिया जाएगा।

**हाकम सिंह रघुवंशी ब्लॉक शिक्षा अधिकारी घोड़ाडोगरी**

### शराब बंदी के लिए स्वसहायता समूह की महिलाओं की पहल

# गांव में शराब बेची या पी तो पांच हजार रुपए जुर्माना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

गांव में शराब बेचने और पीने वालों से तंग आ चुकी स्वसहायता समूह की महिलाओं ने शराबबंदी को लेकर गांव में रैली निकाली और पुलिस चौकी प्रभारी को ज्ञापन सौंपा है। समूह की महिलाओं ने गांव में एक फरमान भी जारी किया है, जिसमें शराब बेचने और पीकर गांव में आने पर पांच हजार रुपए का जुर्माना लगाया जाएगा। इस फरमान को पुलिस ने भी सहयोग करने की सहमति दी है। महिलाओं का उद्देश्य गांव को शराब से मुक्त कराना है, जिसके लिए समूह ने नशा मुक्ति अभियान चलाकर गांव में रैली भी निकाली और जागरूकता का संदेश दिया है। जानकारी के अनुसार पुलिस चौकी पाढर के अंतर्गत आने वाले गांव उमरवानी के श्रीराम स्व सहायता समूह की महिलाओं ने नशा मुक्ति अभियान के तहत गांव में अवैध शराब बेचने वालों तथा शराब पीकर उत्पात मचाने वालों से तंग आकर पुलिस चौकी पाढर के चौकी प्रभारी को आवेदन देकर अवैध शराब बेचने वालों पर कार्रवाई करने की मांग की है। महिलाओं ने नशा मुक्ति अभियान के अंतर्गत ग्राम में भी रैली निकाल कर शराब का सेवन करना सेहत के लिए हानिकारक होने का संदेश भी दिया।

#### युवा पर पड़ रहा बुरा असर, हो रहे नशे के आदी

बांसपानी पंचायत के सरपंच एवं ग्राम उमरवानी के निवासी सोनू उईके ने बताया कि ग्राम में अवैध शराब की भरमार होने से युवाओं पर बुरा असर पड़ रहा है। कई ग्रामीण शराब के आदि होते जा रहे हैं जिससे उनका जीवन स्तर कमजोर हो रहा है। महिलाओं ने बताया कि यदि कोई व्यक्ति गांव में शराब बेचते पाया गया तो उस पर पांच हजार रूपए का जुर्माना लगाया जाएगा और यदि कोई शराब पीकर पाया गया तो उससे भी पांच हजार रुपये अर्थदंड वसूला जाएगा। जुर्माना नहीं देने पर उन्हें पुलिस को सौंपा जाएगा। पाढर पुलिस ने भी महिलाओं को सहयोग देने का आश्वासन दिया है।

### यूपीएससी सीएमएस में ऑल इंडिया 47वीं रैंक की हासिल

# मुलताई की बेटी प्रियंका ने किया कमाल



**मुलताई।** नगर की बेटी प्रियंका ने यूपीएससी सीएमएस ऑल इंडिया में 47वीं रैंक हासिल कर मुलताई सहित पूरे बैतूल जिले का नाम रोशन किया है। यूपीएससी सीएमएस 2023 के रिजल्ट में मुलताई नगर के इंदिरा गांधी वार्ड की रहने वाली साधारण से परिवार की प्रियंका पंजाबराव पवार ने ऑल इंडिया में 47वीं रैंक हासिल कर बेमिसाल सफलता हासिल की है। इस संबंध में चर्चा के दौरान प्रियंका ने बताया कि उन्होंने अपनी दसवीं की पढ़ाई मुलताई एक्सीलेंस स्कूल हिंदी मीडियम से 2014 में पूरी की थी, जहां पर उनका चयन सुपर हंड्रेड योजना के तहत इंदौर के गवर्नमेंट मल्टीपरपज हायर सेकेंडरी स्कूल में हुआ, जहां से उन्होंने अपनी 12वीं की पढ़ाई पूर्ण की।

### कोयलांचल क्षेत्र पाथाखेड़ा में बढ़ेगी थोड़ी रौनक

# कन्हान क्षेत्र के तानसी भूमिगत खदान से 424 कर्मचारियों का पाथाखेड़ा स्थानांतरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारनी

कोयलांचल क्षेत्र पाथाखेड़ा में लगातार हो रही भूमिगत खदानों के बंद होने का सिलसिला थमता दिखाई नहीं दे रहा है।इसी बीच कन्हान क्षेत्र से तानसी भूमिगत खदान से 424 कर्मचारियों का प्रशासनिक स्थानांतरण कोयलांचल क्षेत्र पाथाखेड़ा में होने पर क्षेत्र के श्रमिक संगठन और क्षेत्र में उत्साह का माहौल दिखाई दे रहा है।बताया जाता है कि कार्मिक एवं औद्योगिक संबंध विभाग के माध्यम से यह स्थानांतरण करने का कार्य किया गया है।वेस्टर्न कोलफील्ड लिमिटेड के संदर्भ क्रमांक वेकोलि/औसंवि/जश/स्था-11ए/2023/ 1865/ 11 दिसंबर कोई यह पत्र जारी किया गया है और इस पत्र में 424 कर्मचारियों का स्थानांतरण पाथाखेड़ा क्षेत्र की विभिन्न खदानों में हुआ है।बीएमसी यूनियन के क्षेत्रीय अध्यक्ष प्रमोद सिंह ने बताया कि कन्हान क्षेत्र से आने वाले कर्मचारियों का कोयलांचल क्षेत्र पाथाखेड़ा में स्वागत है उनकी छोटी बड़ी कोई भी समस्या हो उन समस्याओं के निराकरण के लिए बीएमएस यूनियन उनके साथ रहेगी उन्होंने बताया कि लंबे अरसे के बाद बड़ी संख्या में कन्हान क्षेत्र से 424 कर्मचारियों का स्थानांतरण पाथाखेड़ा होने से क्षेत्र में रौनक के साथ-साथ जनसंख्या की वृद्धि भी होगी। उन्होंने यह भी बताया कि 424 कर्मचारियों के क्षेत्र में आने से लगभग 13 सौ लोगों की संख्या में इजाफा होगा जिससे क्षेत्र का व्यापार सहित अन्य व्यवस्थाओं में रौनक आने की संभावना से नजरअंदाज नहीं किया जा सकता है। भारतीय जनता पार्टी के झूंगी झोपड़ी प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक रजीत सिंह ने बताया कि वेस्टर्न कोलफील्ड लिमिटेड के कार्मिक एवं औद्योगिक संबंध विभाग के माध्यम से पाथाखेड़ा क्षेत्र में तानसी भूमिगत खदान से 424 कर्मचारी का स्थानांतरण किया गया है और इन कर्मचारियों के क्षेत्र में आने से क्षेत्र की रौनक बढ़ेगी व्यापार बढ़ेगा उन्होंने बताया कि प्रदेश में मंत्रिमंडल का गठन जल्द होगा और मंत्रिमंडल के गठन होने के बाद आमला विधानसभा क्षेत्र के विधायक सांसद के जरिए जल्द ही केंद्र में जाकर नई भूमिगत खदानों की सौगात को लेकर राष्ट्रीय स्तर के नेताओं से मुलाकात और चर्चा करने का कार्य करेंगे जिससे क्षेत्र में जो पलायन का दौर मीडिया के माध्यम से होना बताया जा रहा है।

### 43वें प्राण प्रतिष्ठा दिवस के अवसर पर हो रहा आयोजन

# नौ कुंडीय गायत्री महायज्ञ से पहले नगर में निकाली जल कलश यात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारनी



गायत्री परिवार ट्रस्ट एवं आदर्श गायत्री विद्यापीठ सारनी के माध्यम से 11 से 15 दिसंबर तक वार्षिक उत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इसे देखते हुए नव कुंडी गायत्री महायज्ञ के लिए मंगलवार को कलश जल यात्रा का आयोजन किया गया।जिसकी शुरुआत मंगलवार को जल कलश शोभा यात्रा के साथ हुई। यह शोभा यात्रा नगर के मुख्य मार्ग,सेंट्रल स्कूल, जय स्तंभ चौक,स्टेट बैंक रोड, साईं मंदिर,बाजार चौक,काली मंदिर,जी टाइप,सुपर एफ कॉलोनी,कल्याणेश्वर शिव मंदिर,बस स्टैंड, शॉपिंग सेंटर से होते हुए प्रज्ञा पीठ पहुंची कलश यात्रा का शुभारंभ मंगलवार को दोपहर 1बजे से लेकर 5: बजे तक आयोजित किया गया शाम 5 बजे से युग संगीत एवं प्रवचन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान नगर विभिन्न धार्मिक सामाजिक संगठनों एवं श्रद्धालु जनों ने जगह-जगह शोभा यात्रा का पूजन व पुष्प वर्षा कर स्वागत किया।गायत्री परिवार ट्रस्ट सारनी के सदस्यों ने बताया कि 13 दिसंबर को प्रातः 8 बजे से देव आवाहन तथा पूजन के साथ नौ कुंडीय गायत्री महायज्ञ प्रारंभ हो जाएगा तथा 13 दिसंबर को ही दोपहर बाद 3 बजे से नारी जागरण एवं कन्या कौशल विषय पर व्याख्यान,संगीत प्रवचन होंगे एवं सायं 7:30 बजे से 10 बजे तक वर्तमान परिप्रेक्ष्य में युवा युवतियों के दायित्व विषय पर प्रबोधन कार्यक्रम रहेगा।समिति के पदाधिकारी ने बताया कि 14 दिसंबर को सुबह 8 बजे से 11तक नौ कुंडी गायत्री महायज्ञ एवं निशुल्क संस्कार का आयोजन किया जाएगा,दोपहर 12 बजे से शाम 4 बजे तक शालय सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा।इसी दिन शाम 5 बजे से लेकर रात 9:30 तक नवदम्पत्ति दंपति शिविर एवं दीप महायज्ञ का आयोजन किया जाएगा 15 दिसंबर को प्रातः 8 बजे से 1 तक महायज्ञ की पूर्ण आहुति निशुल्क संस्कार टोली विदाई 11 बजे से रक्तदान महायज्ञ एवं भंडारा प्रसादी का आयोजन किया जाएगा आयोजन समिति के पदाधिकारी ने इस वार्षिक उत्सव कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में भाग लेने की अपील क्षेत्र वासियों से की है ताकि इस कार्यक्रम को भव्य रूप दिया जा सके।

### जर्जर सामुदायिक भवन में चल रहा काम-काज

# सर्रा पंचायत में वर्षों से नहीं पंचायत भवन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मुलताई





ग्राम विकास की अनेक योजनाओं की जमीनी हकीकत यह है इतने वर्षों बाद हम ग्रामों में मौलिक मौलिक ढांचा तक निर्माण नहीं कर पाए इसका उदाहरण ग्राम पंचायत सर्रा में देखा जा सकता है जहां कई वर्षों से अपना खुद का पंचायत भवन तक नहीं है। ग्रामीणों द्वारा बताया गया कि पहले स्कूल के भवन में पंचायत कार्यालय संचालित होता था, वर्तमान में सामुदायिक भवन में पंचायत कार्यालय संचालित हो रहा है। यह सामुदायिक भवन भी अब जर्जर हो चुका है, वहीं इसी सामुदायिक भवन में स्वास्थ्य विभाग का सब सेंटर भी संचालित होता है। जिसके चलते यहां पर पंचायत का काम कर पाना संभव नहीं हो पाता। जिसके कारण सरपंच और सचिव भी पंचायत कार्यालय में सुचारू रूप से नहीं बैठ पाते। छोटे-छोटे कामों के लिए ग्रामीणों को परेशान होना पड़ता है। ग्रामीण ज्योति नरवरे ने बताया कि गांव में पंचायत का अपना भवन नहीं होने के कारण छोटे-छोटे कामों के लिए सामुदायिक भवन में संचालित पंचायत कार्यालय में बार-बार चक्कर लगाने पड़ते हैं, यहां न बैठने की सुविधा न ही अन्य कोई सुविधा मिलती है। जल्द से जल्द पंचायत का अपना भवन बनाया जाना चाहिए ताकि ग्रामीणों को परेशानी से निजात मिल सके।

#### समाधान होगा

आपके द्वारा हमारे संज्ञान में यह मामला लाया गया है, सरपंच और सचिव से जानकारी लेकर जल्द से जल्द इस समस्या का समाधान किया जाएगा।

**धर्मपाल सिंह मसराम**
**सीईओ मुलताई जनपद**

### मेले में होंगे धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम तैयारियां शुरू करने के

# परिषद का विशेष सम्मेलन, श्री मठारदेव बाबा मेले की तैयारियों को लेकर चर्चा, होगा भव्य आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारनी



नगर पालिका परिषद सारनी में मंगलवार 12 दिसंबर को परिषद का विशेष सम्मेलन आयोजित किया गया। इसमें मुख्यतः श्री मठारदेव बाबा मेले के आयोजन को लेकर विचार,विमर्श किया गया।बैठक में शहर के सात वार्डों में बीटी रोड रिन्यूवल मंजूरी दी गई।नगर पालिका सभाकक्ष में मंगलवार 12 दिसंबर को दोपहर एक बजे से परिषद का विशेष सम्मेलन शुरू हुआ।नगर पालिका अध्यक्ष किशोर बरदे, उपाध्यक्ष जगदीश पवार, सांसद प्रतिनिधि रविंद्र पांसे,विधायक प्रतिनिधि रंजीत सिंह समस्त पार्षदगण एवं मुख्य नगर पालिका अधिकारी सी.के.मेश्राम की मौजूदगी में बैठक की कार्यवाही शुरू हुई। सम्मेलन में मुख्यतः 12 से 22 जनवरी तक लगने वाले श्री मठारदेव बाबा मेले की तैयारियों को लेकर चर्चा की गई। परिषद ने सभी आवश्यक तैयारियों को शुरू करने के निर्देश दिए।सीएमओ श्री मेश्राम ने बताया कि गत वर्षों की तरह इस वर्ष भी मेले में नगर पालिका की ओर से समस्त सुविधाएं रहेंगी।अध्यक्ष किशोर बरदे ने कहा कि मेले की तैयारियों को लेकर निविदाएं एवं अन्य आवश्यक कार्य समय-सीमा में पूरे कर लिए जाएं। मेले में आने वाले श्रद्धालुओं को किसी तरह की परेशानी ना हो इसका पूरा ध्यान रखा जाएं। उन्होंने परिषद के सभी सदस्यों से कहा कि सभी के सहयोग से मेले को इस वर्ष भी भव्य स्वरूप प्रदान किया जाएगा।

### खकरा जामठी की लाड़ली बहनों ने भूमि पट्टे की मांग के लिए जनसुनवाई में दिया आवेदन

# लाड़ली बहनों ने की भूमि पट्टे मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

म.प्र. के विधानसभा चुनाव संपन्न ही हुये है और विधायक दल की बैठक में प्रदेश में मुख्यमंत्री के नाम की घोषणा होते ही भारतीय जनता पार्टी के संकल्प पत्र के प्रमुख मुद्दे लाड़ली बहनों को भूमि पट्टे व आवास की मांग तेजी से उठने लगी है ऐसा ही एक मामला ग्राम पंचायत टेमनी के खकरा जामठी क्षेत्र का सामने आया है इस क्षेत्र की रहवासी श्रीमती पूजा पंवार ने बताया कि विगत दिनों ग्राम कोटवार की शिकायत पर सड़क मार्ग से लगी शासकीय कृषि भूमि जिस पर कोटवार का हक बताया जा रहा है उस भूमि के कुछ भाग पर दिहाड़ी मजदूरों ने कब्जा कर झोपड़ियां बना कर अतिक्रमण कर लिया है शिकायत पर कार्रवाई करते हुए मौके पर तात्कालिक तहसीलदार पटवारी आरआई द्वारा अतिक्रमण हटाने संबंध में बिना नोटिस दिये मजदूरों परिवारो के घरों को न सिर्फ तोड़ा गया बल्कि उन परिवारों के घरेलू सामान को भी तहस-नहस किया गया था। मजदूर परिवारों ने एकजुट होकर जब कोटवार की शिकायत के विरुद्ध जाकर जिला कलेक्ट्रेट जाकर कलेक्टर महोदय को सामूहिक रूप से ज्ञापन सौंपकर यह बताया था कि कोटवार की शिकायत झूठी व निराधार है स्थिति जगह पर यह है कि कोटवार को जो जगह शासन द्वारा दी गयी है उस जगह पर किसी भी मजदूर परिवार द्वारा कोई अतिक्रमण नहीं किया गया है कलेक्टर महोदय ने मौके पर दल भेज कर जांच के आधार पर संज्ञान लेते हुए झोपड़ियां यथावत बने रहने व जुर्माना लगाकर अतिक्रमण न तोड़ने के मौखिक निर्देश देकर भविष्य में पट्टा दिया जायेगा ऐसा आश्वासन दिया गया था। आज फिर वही पुराना मामला दोबारा से तब उठा जब खकरा जामठी मजदूर रहवासियों के सामने यह बात आयी है कि इस क्षेत्र में दो हितग्राही को न सिर्फ पट्टा दिया गया बल्कि इन हितग्राहियों के नाम से आवास भी स्वीकृत होकर उनका मकान भी बन कर तैयार हो गया फिर देखना क्या था इसी मुद्दे को लेकर आदिवासी मजदूर परिवार जिसमें सामान्य वर्ग के लोग भी शामिल हैं आवेदन लेकर जिला कलेक्ट्रेट जनसुनवाई में पहुंच गए जहां कलेक्टर साहब तो नहीं मिले लेकिन जनसुनवाई में उपस्थित उच्च अधिकारियों को पूरे मामले से अवगत कराया और आवासीय पट्टे की मांग की।

### वेकोलि की सुरक्षा और पुलिस विभाग की कार्यप्रणाली को लेकर चर्चा का बाजार जोरों पर

# बंद हुई सारनी माईंस से 10 लाख रुपए की कॉपर केबल चोरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारनी




वेस्टर्न कोलफील्ड लिमिटेड पाथाखेड़ा की बंद हो चुकी सारनी माइंस में एक बार फिर अज्ञात चोरों ने धावा बोलकर 500 मी 3.3 कॉपर केबल चोरी करने में सफलता प्राप्त की है। बताया जाता है कि यह जो 3.3 हाई टेंशन केवल जो चोरी हुआ है वह लगभग 500 मीटर है और इसका बाजार मूल्य 10 लाख से ऊपर आकर जा रहा है।आश्चर्य की बात तो यह है कि वेस्टर्न कोलफील्ड लिमिटेड पाथाखेड़ा के सुरक्षा विभाग और स्थानिक पुलिस प्रशासन के माध्यम से 10 लाख की चोरी के मामले को हल्के में लेना वाकई क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है।नर्मदापुरम की पूर्व आईजी दीपिका सुरी के स्थानांतरण होने के बाद कोयलांचल क्षेत्र पाथाखेड़ा में मानव जैसे भूमिगत खदानों में चोरी डकैती के मामले में राम राज्य आ गया है।बंद हो चुकी सारनी माइंस में जब डकैतों के माध्यम से धावा बोलकर लूटपाट की घटना की गई थी तो इस मामले में तत्कालीन नर्मदा पुरम आईजी दीपिका सूरी के माध्यम से पाथाखेड़ा चौकी प्रभारी और सारनी थाना प्रभारी का स्थानांतरण और निलंबन की कार्रवाई की गई थी।लेकिन उनके जाने के बाद पाथाखेड़ा की भूमिगत खदानों में चोरी लूट के मामले को मामूली घटना करार दिया जा रहा है।यही वजह है कि लगातार भूमिगत खदानों में स्केप चोरों का आतंक बढ़ता जा रहा है।अब स्थिति यह निर्मित हो गई है कि भूमिगत खदान में काम करने वाले कर्मचारी दिन के उजाले में भी सुरक्षित नहीं है।बताया जाता है कि रविवार को दिनदहाड़े नकाबपोश चोरों के माध्यम से बंद हो चुकी सारनी माइंस में प्रवेश करके 500 मी कॉपर केबल चोरी करके ले गए हैं।इसकी शिकायत पाथाखेड़ा पुलिस में सोमवार को की गई है वेकोलि के कर्मचारी और अधिकारियों का कहना है कि बद खदान की सुरक्षा व्यवस्था के लिए 23 लोगों को यहां तैनात किया गया है।लेकिन हथियारबंद चोर डकैतों के आ जाने के कारण यहां पर सुरक्षाकर्मी अपने आपको सुरक्षित बचाने में जुटे रहते हैं।जिसकी वजह से चोरी की वारदातें बढ़ रही है वेकोलि के एक जिम्मेदार अधिकारी ने बताया कि एलएफएस स्कूल के पीछे जो कुआ है वह सारनी माइंस का फेन का कुआ है संभवतः चोरो के माध्यम से इस रास्ते से आकर भी कॉपर केबल की चोरी की घटना को अंजाम दिया जाता रहा है। उन्होंने यह भी बताया कि चोरी करने वाले चोर बिजली की सप्लाई को काटकर चोरी करने का कार्य करते हैं और जाने के बाद बिजली सप्लाई भी चालू कर देते हैं जो बड़ी घटना को आमंत्रित करता दिखाई दे रहा है। वेकोलि के सुरक्षा अधिकारी की कार्य प्रणाली को देखते हुए उन पर कार्रवाई की मांग श्रमिक संगठनों के माध्यम से उठाई जा रही है। वेकोलि के सुरक्षा अधिकारी के माध्यम से भूमिगत खदानों के अलावा सरफेस की सुरक्षा व्यवस्था की जिम्मेदारी ईमानदारी पूर्वक निर्माण नहीं कर पा रहे हैं।

## पिपरिया पुलिस ने अंतर्राज्यीय चोर गिरोह का पर्दाफाश किया

# उप्र के चोर पिपरिया में रहकर दे रहे थे चोरी की घटना को अंजाम

पिपरिया पुलिस ने अंतर्राज्यीय चोर गिरोह के सात सदस्यों को गिरफ्तार कर उनके पास से चोरी गए माल को जप्त किया है। आरोपियों द्वारा दो चोरियों को करना कबूल है। सातो आरोपी उप्र के रहने वाले है और पिपरिया के किराये के मकान में रहते थे।



हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरिया

पिपरिया पुलिस ने अंतर्राज्यीय चोर गिरोह का पर्दाफाश कर उनके चंगुल से 1 सोने का हार, चांदी की पायल और नगदी बरामद करने में सफलता पाई है। मंगलवार को प्रेसवार्ता में बताया गया कि 11 दिसंबर को फरियादिया सलोनी राय निवासी ग्राम चांदौन थाना पथरोटा ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि 8 दिसंबर को बस स्टेंड पिपरिया से अपने मायके ग्राम देहलवाड़ा खुर्द जा रही थी तभी किसी अज्ञात आरोपी द्वारा बैग में रखे सोने के हार, चांदी की पायल चोरी कर ली गई। एसपी डॉ गुरकरन सिंह ने मामले की गंभीरता को समझते हुए घटना वाली रात ही पिपरिया पुलिस की एक टीम तैयारी करवाई जिसके द्वारा ग्रामीण इलाकों का भ्रमण किया गया और पिपरिया में फरियादिया द्वारा बताए गए हुलिए के व्यक्ति को एलईडी बल्ब बेंचते हुए संदेह पर अभिरक्षा में लिया। पुलिस की पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम बबलू पिता राधेश्याम अहेरिया उम्र करीब 35 साल निवासी ग्राम मिर्जापुर जिला हाथरस उप्र बताया। उसने कबूल किया कि 8 दिसंबर को पिपरिया बस स्टेंड से चोरी गई सोने के हार एवं चांदी की पायल को साथी गौरव शर्मा के साथ मिलकर चोरी की थी। वहीं आरोपी द्वारा यह भी बताया गया कि 4 माह पूर्व मेरे साथ ही जितेन्द्र अहेरिया ने मिलकर मंगलवारा चौराहा के पास एक रेडीमेड कपड़ों की दुकान में चोरी की घटना को कारित किया था। आरोपियों ने पुलिस अभिरक्षा में अपना जुर्म कबूल कर लिया। साथ ही बबलू अहेरिया के साथ रह रहे उसके अन्य साथी मुकेश अहेरिया, हरिकिशन अहेरिया, चंद्रवीर धोबी को भी अभिरक्षा में लेकर पूछताछ की गई तो उन्होंने जुर्म कबूल करते हुए बताया कि 4 माह पहले मंगलवारा चौराहा स्थित मार्केट में दुकानों में ताले तोड़कर चोरी की घटना को अंजाम दिया था। उपरोक्त चोर गिरोह में बबलू पिता राधेश्याम अहेरिया ग्राम मिर्जापुर थाना हाथरस, गौरव पिता महेशचंद्र शर्मा उम्र 28 साल निवासी महन थाना हाथरस, हरिकिशन पिता गजेन्द्र अहेरिया उम्र 19 साल निवासी ग्राम मिर्जापुर जिला हाथरस, मुकेश पिता गजराज सिंह अहेरिया उम्र 19 साल निवासी ग्राम मिर्जापुर जिला



हाथरस, चंद्रवीर पिता रमेशचंद धोवी उम्र 22 साल निवासी सिकंदर राव हाथरस उप्र, चेतंद्रर पिता सूरजपाल अहेरिया उम्र 35 साल निवासी ग्राम हाथरस, जितेन्द्र पिता राजेन्द्र अहेरिया निवासी ग्राम हाथरस को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से एक सोने का हार जिसकी कीमत 1 लाख 40 हजार, चांदी की पायल जिसकी कीमत 10 हजार और 40 हजार रूपए नगदी बरामद किए हैं। कार्रवाई के दौरान निरीक्षक गिरीश त्रिपाठी, उपनिरीक्षक किशन उइके, रामचंद्र खातरकर, भागचंद धुर्वे, सउनि प्रकाश राजपूत, गणेश राय, आरक्षक अजमेर सिंह, विनोद विल्थरिया, चंद्रप्रकाश साहू, राममोहन रजक, रामेश्वर उइके की रही। वहीं सराहनीय भूमिका प्रधान आरक्षक पूनक सिंह, विजय, शिवशंकर व आरक्षक मनोहन दायमा, अफसर खान, अमरदास, विकास मेहरा, सुनील चौधरी और नीलेश रघुवंशी की रही।

### क्लेट परीक्षा में प्रदेश में अव्वल रही अनुभा शुक्ला



**सोहागपुर।** नगर के सेंट पैट्रिक की छात्रा अनुभा शुक्ला ने सन् 2023 की आल इंडिया क्लेट की परीक्षा में ईडब्लयूएस कैटेगरी में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। अनुभा ने क्लेट में 120 अंक में से 92.50 अंक प्राप्त किए हैं। अनुभा का एआईआर सूची जनरल कैटेगरी में 652 वां स्थान है। गौरतलब है कि कुमारी अनुभा शुक्ला नगर के सीनियर एजीपी राजीव शुक्ला एवं शिक्षिका अंजना शुक्ला की पुत्री है। उल्लेखनीय हैं कि अनुभा ने सीबीएससी की परीक्षा में भी टॉप किया था। अनुभा शुक्ला के क्लेट में सफल होने पर परिजनों एवं शुभचिंतकों ने हर्ष व्यक्त करते हुए बधाई दी है।

## पिता-पुत्र की जोड़ी ने हासिल की अनुपम उपलब्धि

हरिभूमि न्यूज ⏭ पचमढ़ी

पिता-पुत्र की जोड़ी ने फुटबॉल खेल में एक ही वर्ष में मध्य प्रदेश का प्रतिनिधित्व कर अनुपम उपलब्धि हासिल की। ओम यादव ने कोलकाता में आयोजित राष्ट्रीय फुटबॉल प्रतियोगिता में सहभागिता कर नगर को गौरवान्वित किया वहीं पिता संतोष यादव राजधानी दिल्ली में आयोजित मध्य प्रदेश सिविल सर्विसेज फुटबॉल प्रतियोगिता जो कि दिनांक 15 से 21 दिसंबर तक छत्रसाल स्टेडियम में आयोजित होगी, में प्रतिनिधित्व करेंगे। पिता पुत्र की इस उपलब्धि पर परिवार जनों,



संस्था परिवार ,समस्त खेल संगठनों एवं गणमान्य नागरिकों ने शुभकामनाएं प्रेषित की हैं।

## मतदाता सूची पुनरीक्षण के लिए बीएलओ सुपरवाइजर की बैठक संपन्न

### लोकसभा निर्वाचन की तैयारियां प्रारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनीमालवा



भारत निर्वाचन आयोग एवं जिला निर्वाचन अधिकारी नर्मदा पुरम के द्वारा दिए गए। निर्देशों के अनुसार आगामी लोकसभा निर्वाचन 2023 के संबंध में तैयारियां प्रारंभ कर दी गई है मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत जनपद पंचायत सभागृह सिवनी मालवा में तहसीलदार राकेश खजूरिया की अध्यक्षता में बीएलओ एवं सुपरवाइजर की बैठक संपन्न हुई। जिसमें मास्टर ट्रेनर्स सुरेंद्र कुमार पाटिल एवं प्रकाश व्यास द्वारा मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत विस्तार से बताया गया जिन मतदाताओं की आयु 1 जनवरी 2024 को 18 वर्ष पूर्ण हो चुकी है उनके नाम मतदाता सूची में जोड़ना है 6 जनवरी 2024 को मतदाता सूची का प्रारंभिक प्रकाशन 318 मतदान केदो पर किया जाएगा। 6 जनवरी से 22 जनवरी 2024 तक दावे आपत्ति लेना है इसके तहत मतदाता सूची में नाम जोड़ना, मतदाता सूची से नाम काटना तथा संशोधन करना आदि प्रमुख है 22 फरवरी 2024 को मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन किया जाएगा। तहसीलदार राकेश खजूरिया द्वारा बताया गया कि मतदान केंद्र में किसी भी प्रकार का संशोधन हो तो प्रस्ताव बीएलओ सुपरवाइजर के माध्यम से प्रस्तुत होंगे तथा जिन मतदान केंद्र पर 1500 से अधिक मतदाता है नवीन मतदान केंद्र बनाया जाएगा। इसके प्रस्ताव आयोग को समय सीमा में भेजे जाएंगे जो मतदान केंद्र क्षतिग्रस्त है उन्हें अन्य शासकीय भवन में शिफ्ट करना है तो विधिवत्त प्रस्ताव बनाकर आयोग के समक्ष प्रस्तुत किए जाएंगे यदि किसी मतदाता का मतदाता सूची पर नाम काटना है तो सबसे पहले नोटिस जारी किया जाए फार्म न-7 पर भी स्पष्ट रूप से लिखा जाए की मतदाता का नाम काटना उचित है या अनुचित है मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्यक्रम में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी बैठक दो शिफ्ट में आयोजित की गई जिसमें समस्त बीएलओ एवं सुपरवाइजर उपस्थित थे।

## दिव्यांग बच्चों की स्पर्धाओं का किया गया आयोजन, गर्म कपड़े बांटे

हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरिया




शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के प्राचार्य डॉ नरेंद्र राज के विशेष आतिथ्य में दिव्यांग बच्चों की स्पर्धाओं का आयोजन किया गया। जनपद शिक्षा केंद्र में विश्व दिव्यांग दिवस के तहत विकास खंड स्तरीय दिव्यांग खेलकूद एवं सांस्कृतिक समर्थ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में जन शिक्षा केदो के दिव्यांग छात्र-छात्राओं ने अपनी सहभागिता इन प्रतियोगिताओं के अंतर्गत रंगोली मेहंदी कुर्सी दौड़ चित्रकला गायन 100 मीटर दौड़ बाल्टी दौड इत्यादि प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का विधिवत्त शुभारंभ मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर पूजन कर अतिथियों के द्वारा किया गया जिनमें मुख्य अतिथि नगर पालिका अध्यक्ष नीना नवनीत नागपाल विशेष अतिथि जनपद उपाध्यक्ष कुसुम लता भगवान सिंह पटेल जनपद अध्यक्ष संध्या सिंगारे नगर मंडल अध्यक्ष बलराम ठाकुर अरविंद राय पार्षद मृदु लता पालीवाल रतन गुलाब केवट राम भरोसे अहिरवार अरविंद शर्मा शिक्षक सहित सभी स्कूलों के शिक्षक शिक्षिका छात्र-छात्राओं जन शिक्षक भी आर सी प्रदीप शर्मा बीएसी लखन नागवंशी की उपस्थिति में कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ अतिथियों का स्वागत शिक्षकों ने एवं शिक्षिकाओं ने माला पहनकर किया जिसमें बेहतर प्रदर्शन के लिए अग्रिम शुभकामनाएं भी दी गई प्रतियोगिता को उपरांत समस्त विधाओं में प्रथम द्वितीय तृतीय प्राप्त दिव्यांग विद्यार्थियों को शिक्षक संदर्भ समूह की शोध से गरम स्वेटर भेंट की गई तथा सम्मानित पुरस्कार पहनकर किया गया इसके अलावा सभी दिव्यांग बच्चों को शांत बना देते हुए मंच के संचालक प्रदीप शर्मा ने बताया कि इन बच्चों में से खिलाड़ियों को चिन्हित किया जावेगा जिन्हें 14 दिसंबर को जिला स्तर पर आयोजित होने वाले कार्यक्रम में भाग लेने के लिए भेजा जाएगा।

## क्या कचरा पट्टी मचा रखी है, काम नहीं होता तो क्यों लेते हो टेंडर

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी



नगरपालिका अध्यक्ष पंकज चौरे मंगलवार को मुख्य बाजार स्थित बस स्टैंड के प्रतीक्षालय में चल रहे पुर्ननिर्माण को देखने पहुंचे। यहां एक निजी कंपनी प्रतीक्षालय के साथ में महिला एवं पुरुष के लिए अलग अलग टॉयलेट बना रही है, साथ ही लॉकर रुम भी बन रहा है। लेकिन काम की गति बहुत धीमी है, इसकी जानकारी मिलने पर नगरपालिका अध्यक्ष पंकज चौरे बस स्टैंड पहुंचे। इस दौरान सीएमओ रितु मेहरा, उपयंत्री सोनिका अग्रवाल, पार्षद वार्ड 11 अमित विश्वास मौजूद थे। यहां नगरपालिका अध्यक्ष चौरे ने कचरा, निर्माण सामग्री का कचरा, दीवार पर पुटटी के स्थान पर नार्मल पेंट होता देख नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने प्रतीक्षालय का निर्माण कर रही निजी कंपनी के सुपरवाइजर से ठेकेदार का नम्बर लेकर फोन पर उससे चर्चा की।

नगरपालिका अध्यक्ष फोन पर बात करते करते ही ठेकेदार पर भडक गए। उन्होंने कहा कि आपने यहां क्या कचरा पटटी बचा रही है, काम नहीं होता तो टेंडर क्यों ले लेते हो। यह हमारा ड्रीम प्रोजेक्ट था, आपने पूरा खराब कर दिया। हम इसे रेलवे स्टेशन पर बने प्रतीक्षालय की तर्ज पर शानदार बनवाना चाह रहे थे, आप ने कचरा पटटी बना दिया। इससे अच्छा तो हम ही बना लेते। नगरपालिका अध्यक्ष पंकज चौरे ने कहा कि दिसम्बर के अंत तक किसी भी हालत में मुझे पूरा प्रतीक्षालय बना मिल जाना चाहिए, नहीं तो आप समझदार हो।

## एक वृक्ष काटा उसके स्थान पर चार फलदार वृक्ष लगाए

हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरिया



तिलक वार्ड मोहता प्लाट में विगत दिनों गिरधर पाठक गोपाल पाठक के द्वारा अपने नवनिर्मित मकान के सामने प्रकाश भार्गव के द्वारा लगाए गए वृक्ष को नगर पालिका परिषद से अनुमति लेकर तथा वृक्ष की राशि जमा करके काट दिया गया था। इसके विरोध में प्रकाश भार्गव ने झगड़ा करते हुए एफआईआर भी दर्ज कराई थी। इस बात को लेकर गोपाल गिरधर पाठक एवं उनके बेटे आयुष सहित अन्य बेटों ने उनके निजी खेत में वृक्षारोपण किया जिसमें तीन फलदार जामुन पीपल तीन आम के वृक्ष लगाए हैं। का कहना है कि वह पर्यावरण के पक्ष में है तथा पर्यावरण की सुरक्षा के पक्ष में पूर्ण रूप से रहते हैं लेकिन उन्होंने जनता से अपील की है कि कभी किसी के निजी प्लांट के सामने या किसी के मकान के सामने कदम जैसे अन्य पौधे ना लगे से की निवास करने वाले लोगों को परेशानी हो उसकी जगह अपने खेत में निजी किसी के खेत में एक की जगह अन्य वृक्ष लगा दे जो पर्यावरण को भी बढ़ावा देंगे तथा खेत में बागोड का काम भी करेंगे एवं पर्यावरण को भी सुरक्षा के साथ बढ़ाने का मौका मिलेगा।

### जब अयोध्या में होगी रामलला की प्राण-प्रतिष्ठा, इटारसी में भी होंगे ये कार्यक्रम

**इटारसी।** अयोध्या में रामलला की प्राण-प्रतिष्ठा की तारीख पास आ रही है। करीब सवा महीने बाद अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा समारोह होगा तो इटारसी के श्री द्वारिकाधीश मंदिर परिसर में भी विभिन्न आयोजन किये जाएंगे। पौष शुक्ल द्वादशी, विक्रम संवत 2080, सोमवार 22 जनवरी को श्रीराम के बालरूप नूतन विग्रह को श्रीराम जन्मभूमि पर बन रहे नये मंदिर के भूतल के गर्भगृह में विराजित कर प्राण-प्रतिष्ठा की जाएगी। मंदिर समिति के जसवीर सिंघ छाबड़ा ने बताया कि श्री द्वारिकाधीश बड़ा मंदिर परिसर में शाम 5 बजे संगीतमय सुंदरकांड पाठ, श्रीराम जयराम, जय-जय राम के 108 सामूहिक जाप, हनुमान चालीसा का पाठ होगा और मंदिर परिसर में 2100 दीपक जलाये जाएंगे। श्रीराम-जानकी मंदिर पहली लाइन में भी दीप प्रज्वलन होगा।

### फाइटर इटारसी और गुरुकुल नर्मदापुरम ने जीते मैच

**इटारसी।** रेलवे बॉयज फुटबॉल क्लब द्वारा आयोजित जिला स्तरीय फुटबॉल प्रतियोगिता अंडर-16 में चौथे दिन का पहला मैच फाइटर क्लब इटारसी और यंग बॉयज न्यू यार्ड के मध्य खेला गया। मैच काफी रोमांचक रहा। दोनों ही टीमों ने एक दूसरे पर काफी दबाव बनाया। मैच के रेफरी संदीप चक्रवर्ती, लाइनमैन अंकुश मसीह, अक्षत तिवारी, थर्ड रेफरी डालचंद राज, राकेश मसीह थे। मैच के हाफ टाइम तक दोनों ही टीम बराबर रहीं। मैच के सैकंड हाफ में फाइटर क्लब के कृतिक ने 57 वे मिनट में एक गोल कर टीम को बढ़त दिलाई। अंत तक स्कोर 1-0 रहा। जीनियस प्लेनेट स्कूल की ओर से मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार यंग बॉयज न्यूयार्ड के गोल कीपर यश दीवान को दिया। मैच के मुख्य अतिथि तरुण पोपली समाजसेवी तथा क्लब के संरक्षक थे। श्री पोपली ने क्लब को उज्वल खेल एवं सफल प्रतियोगिता के लिए शुभकामनाएं प्रेषित की एवं गरीब बच्चों के लिए 15 जोड़ी जूते प्रदान करने की घोषणा की। दूसरा मैच गुरुकुल 11 होशंगाबाद विरुद्ध यार्ड -11 के मध्य खेला गया जिसमें गुरुकुल टीम ने 3-0 से मैच जीत कर अगले दौर में प्रवेश किया। कल प्रतियोगिता में सोहागपुर, पिपरिया, रेलवे बॉयज फुटबॉल क्लब, नेशनल फुटबॉल क्लब के मध्य मैच खेले जाएंगे।

## इटारसी में बनेंगे 3 स्मार्ट फिश पार्लर

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी



मध्यप्रदेश सरकार के मत्सय विभाग की मध्यप्रदेश फिश पार्लर योजना के तहत इटारसी के मछली बाजार में तीन स्मार्ट फिश पार्लर बनाए जाएंगे। इसके लिए मंगलवार को नगरपालिका अध्यक्ष पंकज चौरे, सीएमओ रितु मेहरा ने टीम के साथ यहां निरीक्षण किया। यहां 15 लाख रुपये लागत से तीन फिश पार्लर बन रहे हैं। प्रत्येक फिश पार्लर के लिए 5 लाख रुपये शासन ने दिए हैं। नगरपालिका अध्यक्ष पंकज चौरे ने यहां निरीक्षण के दौरान मछली व्यापारियों से कहा कि आधुनिक फिश पार्लर के माध्यम से मछली की मार्केटिंग करने में भी मछली पालकों को आसानी होगी। मछलियों के स्टोरेज के लिए सरकार द्वारा डीप फ्रीजर, फ्रीजर डिस्प्ले काउंटर के साथ साथ फिश कटर और मछली की छिलाई मशीनें भी मछली पालको को मुहैया कराई जाएगी। स्मार्ट फिश पार्लर खोलने के लिए सरकार द्वारा 15 लाख रुपये आए हैं। योजना मत्सय विभाग की है।

### मत्स्य विभाग करेगा आबंटन

मछली पालन करने वाला कोई भी मांझी समाज से जुडा हुआ मछुआरा इन स्मार्ट फिश पार्लर से जुड़ सकता है। मछली पालको को मछली को स्टार्ट करने के लिए डीप फ्रीजर, फ्रीजर डिस्प्ले काउंटर के अलावा फिश कटर और मछली की छिलाई के लिए मशीनें भी उपलब्ध करवाई जाएगी। राज्य में स्मार्ट फिश पार्लर खुलने से 24 घंटे फ्रेश मछली मिल सकेगी।

### नगरी निकाय, ग्राम पंचायत तैयार कराएगी 5 लाख के पार्लर

मध्य प्रदेश फिश पार्लर योजना के तहत एक आधुनिक मछली पार्लर बनाने के लिए 5 लाख रुपए खर्च होंगे। मध्य प्रदेश के मत्स्य विकास एवं मछुआ कल्याण विभाग द्वारा शहरी क्षेत्रों में नगरीय निकाय और ग्रामीण क्षेत्र में ग्राम पंचायतें 5 लाख रुपए की लागत से स्मार्ट मछली पार्लर तैयार करवाएगी। सारा खर्च सरकार द्वारा ही उठाया जाएगा। मछुआरे समुदाय के लोगों के लिए राज्य सरकार द्वारा बड़ी राहत दी जाएगी।

### डॉ. एसपीएम अस्पताल प्रदेश का पहला एनबीएसयू मुस्कान सर्टिफाइड बना

# सिविल अस्पताल एनकॉस में हुई सर्टिफाइड

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी




डॉ श्यामाप्रसाद मुखर्जी सिविल अस्पताल को मंगलवार को घोषित हुये नेशनल क्वालिटी एंश्योरेस स्टैण्डर्ड एनकॉस के परिणाम के अंतर्गत 93.43 प्रतिशत से नेशनल क्वालीफाइड सर्टिफिकेट मिला एवं मुस्कान कार्यक्रम के अंतर्गत प्रतिशत नेशनल क्वालीफाइड सर्टिफिकेट प्राप्त हुआ है। विगत 18 से 20 सितंबर 2023 को भारत सरकार द्वारा 2 सदस्यीय नेशनल एसेसर ने 03 दिन संस्था में भ्रमण किया था। एनकॉस के अंतर्गत संस्था के 12 विभागों में चेकलिस्ट अनुसार 8 भागों में बांटकर निरीक्षण दल ने निरीक्षण किया जिसमें सभी 12 विभागों ने बहुत अच्छा प्रदर्शन किया। डॉ. एसपीएम सिविल अस्पताल इटारसी में मुस्कान नेशनल एसेस्टमेंट में 04 विभागों में संचालित एनबीएसयू विभाग को प्रदेश का पहला मुस्कान नेशनल सर्टिफाइड एनबीएसयू घोषित हुआ। एनकॉस एवं मुस्कान सर्टिफाइड प्राप्त करने हेतु राज्य स्तर से डॉ. प्रमोद गोयल, डॉ. विवेक मिश्रा, डॉ. संदीप शर्मा , राधिका एवं जिला स्तरीय टीम से सीएमएचओ डॉ. दिनेश देहलवार, डीएचओ डॉ रमेश वर्मा, डीक्यूएम डॉ आलिया रूखसार, जिला मेंटर डॉ जीआर करोड़े, डॉ, मिलन सोनी का मार्गदर्शन प्राप्त हुआ। सिविल अस्पताल के अधीक्षक डॉ. आरके चौधरी के नेतृत्व में आरएमओ डॉ. विकास जैधपुरिया, डॉ. आभा जैन, डॉ. कमलेश कुमरे, डॉ. दिनेश यादव, डॉ. मंजू चौधरी, डॉ विवेकचरण दुबे, डॉ. आभा दुबे, डॉ. अर्पित त्रिवेदी, डॉ. आशीष पटैल, डॉ. प्रियांक मिश्रा, डॉ. अभिषेक अग्रवाल, डॉ. जेक जकारिया निकसन, डॉ. प्रेसी युसुफदास, डॉ. उदित भट्ट, डॉ. नीतेश दीवान, संस्था की एसेसर अंजलि पाठक, समस्त नर्सिंग ऑफीसर, ट्यूटर ऑफीसर का विशेष प्रयास रहा। विशेष सहयोग में समाजसेवी संजय मिहानी, टीकाकरण शाखा के समस्त कर्मचारी, स्टोर शाखा से लोकेश ठाकुर, शिखर वर्मा, समस्त 12 विभागों के नोडल अधिकारी, ब्लड बैंक एवं लेब के सब नोडल अधिकारी, समस्त कम्प्यूटर ऑपरेटर, समस्त पैरामेडिकल व कार्यालयीन स्टॉफ, समस्त वार्ड वॉय, समस्त सफाई कर्मचारी, सपोर्ट स्टॉफ, किचिन कर्मचारी, पंप आप एवं इलेक्ट्रिशन सहित अन्य सभी अधिकारी कर्मचारियों ने पूर्ण लगन एवं कार्यनिष्ठा से कार्यदायित्व निभाया।

### जमानी रोड पर बन रहे नाले का नपाध्यक्ष ने किया निरीक्षण

**इटारसी।** जमानी रोड पर बन रहे सीमेंटेड नाले का निरीक्षण नगरपालिका अध्यक्ष पंकज चौरे ने किया। इस दौरान सीएमओ रितु मेहरा, उपयंत्री मुकेश जैन मौजूद थे। नगरपालिका अध्यक्ष चौरे के पास नागरिकों की शिकायत आ रही थी कि नाले और रोड के बीच में फिलिंग नहीं होने से गड्ढे बन गए हैं जिससे राहगीरों को परेशानी हो रही है। नगरपालिका अध्यक्ष चौरे ने ठेकेदार अर्पित जैन को मौके पर बुलाकर उन्हें निर्देश दिए कि यहां मुरम की फिलिंग कराएं। श्री चौरे ने यह कार्य जल्दी ही कराने की बात कही।

## खबर संक्षेप

### प्रतिबंधात्मक आदेश जारी

**खंडवा।** अपर जिला दण्डाधिकारी के.आर. बड़ोले ने दण्ड प्रक्रिया संहिता की धारा 144 के तहत प्रतिबंधात्मक आदेश जारी कर सभी होटल, लॉज व धर्मशालाओं के संचालको को आदेशित किया है कि उन्हें किसी भी व्यक्ति को ठहराने से पूर्व उसका प्रमाणिक पहचान पत्र अवश्य प्राप्त करें तथा ठहरने वाले व्यक्तियों का विवरण संबंधी थानो को उसी दिन दिया जायें। जारी आदेश के अनुसार प्रत्येक मकान मालिक को अपने नए किरायेदारों तथा घरेलू नौकरो के स्वामियों को अपने घरों अथवा संस्थानों में नियुक्त नए नौकरों की जानकारी संबंधित थाने में आवश्यक रूप से देनी होगी। आदेश का पालन न करने पर संबंधित के विरूद्ध धारा 188 के तहत दण्डात्मक कार्यवाही की जायेगी।

### प्रतिबंधात्मक आदेशों का करना होगा पालन

**खंडवा।** अपर जिला दण्डाधिकारी के.आर. बड़ोले ने जिले में कानून व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए दण्ड प्रक्रिया संहिता की धारा 144 के तहत प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किए है। जारी आदेश के अनुसार सायबर अपराधों की घटनाओं को रोकने के लिए सायबर कैफे में सीसीटीवी केमरे लगाना अनिवार्य होगा, जिसकी कम से कम एक महीने तक रिकार्डिंग सुरक्षित रखना होगी। इसकी जिम्मेदारी सायबर कैफे संचालक की होगी। सायबर कैफे में कार्यरत कर्मचारियों की पूरी जानकारी परिचय पत्र व फोटो सहित निकटतम पुलिस थाने में जमा कराना होगी। सायबर कैफे मालिक अपने वैध लायसेंस की प्रति थाने में जमा करायेगा तथा एक प्रति अपने सायबर कैफे में मुख्य स्थान पर प्रदर्शित करेगा। सभी कम्प्यूटर सिस्टम पर पोर्न साइट फिल्टर अनिवार्य रूप से लगाना होगा। सायबर कैफे में कम्प्यूटर उपयोग करने वाले व्यक्तियों की जानकारी रजिस्टर में दर्ज की जायेगी तथा बिना आईडी प्रुफ के कम्प्यूटर संचालन की अनुमति किसी भी व्यक्ति को नहीं दी जाएगी।

### मतदाता सूची का संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम जारी

**हरदा।** आगामी वर्ष में लोकसभा निर्वाचन सम्पन्न होना है। इससे पूर्व आगामी 1 जनवरी 24 की स्थिति में मतदाता सूची का अद्यतनीकरण किया जाएगा। इसके लिये भारत निर्वाचन आयोग ने संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम जारी कर दिया है। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार 6 जनवरी को मतदाता सूची के प्रारूप का प्रकाशन होगा तथा 6 से 22 जनवरी तक इस मतदाता सूची के संबंध में दावे आपत्ति प्राप्त किये जायेंगे। दावे आपत्तियों का निराकरण 2 फरवरी तक होगा तथा 8 फरवरी को मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन होगा।

### राजस्व अधिकारियों की बैठक आज

**हरदा।** कलेक्टर ऋषि गर्ग की अध्यक्षता में राजस्व अधिकारियों की बैठक 13 दिसम्बर को अपरान्त 4.30 बजे से होगी। अपर कलेक्टर डॉ. नागार्जुन बी गौड़ा ने बताया कि यह बैठक कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित की गई है। बैठक में सभी एसडीएम, तहसीलदार, अधीक्षक भू अभिलेख व अन्य राजस्व अधिकारियों के साथ-साथ कलेक्ट्रेट के विभिन्न शाखा प्रभारियों को भी उपस्थित रहने के निर्देश दिये गये है।

### संकल्प यात्रा के लिए सौंपे दायित्व

**हरदा।** जनकल्याण की प्रमुख योजनाओं का लाभ पात्र लोगों तक पहुंचाने के लिये भारत सरकार द्वारा 26 जनवरी 2024 तक विकसित भारत संकल्प यात्रा आयोजित की जा जाएगी। कलेक्टर ऋषि गर्ग ने संकल्प यात्रा के लिये जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी रोहित सिसोनिया को नोडल अधिकारी नियुक्त किया है। श्री सिसोनिया को यात्रा के लिये आये प्रचार वाहन के रूट चार्ट निर्धारण तथा अधिकारी कर्मचारियों को प्रशिक्षित करने का दायित्व भी सौंपा गया है। इसके अलावा जिले की जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों एवं नगरों के मुख्य नगर पालिका अधिकारियों को यात्रा के आगमन से पूर्व ग्रामीण व नगरीय क्षेत्र में यात्रा के कार्यक्रम का व्यापक प्रचार-प्रसार करने तथा यात्रा के दौरान प्राप्त आवेदनों को संकलित कर उन पर आवश्यक कार्यवाही का दायित्व सौंपा गया है।

### शहर की सफाई व्यवस्था के हाल-बेहाल, जिम्मेदार अधिकारी बे-खेबर

# स्वच्छता अभियान की उड़ी धज्जियां, नालियां चोक, चैंबर ओवरफ्लो, गलियों में फैली गंदगी

नगर जनहित सुरक्षा समिति ने जताई नाराजगी, ननि का ध्यान शुल्क वसूली पर-गंदगी के साथ फैल रहा मच्छरों का प्रकोप, शहरवासी हो रहे बीमार, फागिंग मशीन का नहीं होता उपयोग।



हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

शहर में इन दिनों सफाई व्यवस्था चरमरा गई है। जगह-जगह कचरे के ढेर फैले हुए हैं। नालियां ओवरफ्लो हो रही है। गंदा पानी सडक़ों पर बह रहा है। मुख्य बाजार एमजी रोड पर भी ये ही हाल है। गंदगी से मच्छरों का प्रकोप बढ़ गया है। शहरवासी मच्छरजनित बीमारी से ग्रसित हो रहे हैं। मच्छरों से निजात दिलाने वाली फागिंग मशीन का उपयोग भी नहीं हो रहा है। नगर जनहित सुरक्षा समिति ने शहर की सफाई व्यवस्था को लेकर जिम्मेदारों पर नाराजगी जाहिर की है। समिति सदस्यों का कहना है, कि पिछले कुछ महीने से शहर की सफाई व्यवस्था में जिम्मेदार लापरवाही बरत रहे हैं। गंदगी व कचरे के ढेर जगह-जगह फैले हुए हैं। शहर के व्यवस्तम मार्ग एमजी रोड पर भी व्यवस्था पूरी तरह से बदहाल है। एमजी रोड पर खेड़ापति मंदिर में बड़ी संख्या में श्रद्धालु दर्शन के लिए आते हैं। मंदिर के बाहर ही नाली चोक हो रही है। शंकरजी की मूर्ति के पास खुला चैंबर है, जिसे ना तो ढंका गया है और ना ही साफ किया है। इसकी बदबू वातावरण में फैल रही है। गंदगी फैली होने से मंदिर में दर्शन के लिए आने वाले श्रद्धालुओं की भावनाएं आहत हो रही है। एमजी रोड सहित विभिन्न कॉलोनियों में घरों के पीछे वाली गलियों में भी सफाई नहीं हो रही है। गलियों में गंदगी फैली हुई है, गंदा पानी बह रहा है। कई जगह चैंबर भी खुले हैं। मल्हार स्मृति उद्यान से लगे एबी रोड पर चैंबर खुले हैं और गंदगी से भरे हुए हैं। कॉलोनियों में जहां प्लाट है, उन्हें भी कचरा पेटी बनाया हुआ है। कचरा वाहन के लिए नगर निगम सख्ती के साथ मासिक शुल्क वसूलता है, लेकिन कचरा वाहन महीने में कई-कई दिन तक छुट्टी पर रहते हैं।

समिति के अनिलसिंह बैस ने बताया, कि हमने कई बार नगर निगम के जवाबदार अधिकारियों को अवगत कराया, लेकिन उन्होंने इस ओर ध्यान नहीं दिया। ननि का ध्यान वसूली पर है, शहर की मूलभूत सुविधाओं पर नहीं। हम सफाई के मामले में इंदौर से तुलना करते हैं। नंबर वन की दौड़ में शामिल होना चाहते हैं, लेकिन इस प्रकार की अव्यवस्था से कैसे नंबर वन आ सकते हैं। जिम्मेदारों को ना तो देवास शहर की प्रतिष्ठा का ख्याल है और ना ही यहां के नागरिकों के स्वास्थ्य का। समिति के विनोदसिंह गौड़, सुनीलसिंह ठाकुर, विजयसिंह तंवर, सुभाष वर्मा, तकीउद्दीन काजी, आलोक दुबे, सुरेश रायकवार, कमलेश सांगते आदि ने शहर की सफाई व्यवस्था में सुधार की मांग की है।

### पुष्पमाला पहनाकर किया स्वागत

## विधायक दोगने का हुआ तुलादान



हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदा।

नगर के वार्ड क्रमांक 28 शकूर सत्तार कॉलोनी में स्थित शंकर मंदिर प्रांगण में नवनिर्वाचित हरदा विधायक डॉ. रामकिशोर दोगने का 150 किलो गुलाब जामुन से तुलादान किया गया। वार्डवासियों द्वारा हरदा विधायक को शाल श्रीफल भेंट कर एवं पुष्पमाला पहनाकर ढोल नगाड़ों के साथ भव्य स्वागत किया। डॉ. रामकिशोर दोगने ने कहा कि हाल ही में संपन्न हुए विधानसभा चुनाव में मिली यह जीत मेरी जीत नहीं बल्कि आप सभी की जीत है। मुझे जिताकर मध्यप्रदेश विधानसभा में आपके नेतृत्व करने का मौका दिया। मैं हर सुख-दुख में आपके साथ खड़ा रहूंगा और आपके साथ मिलकर आपके वार्ड की हर समस्या को हल करने की कोशिश करूंगा। इसके बाद शंकर मंदिर समिति एवं समस्त वार्डवासियों की मांग पर हरदा विधायक डॉ. दोगने द्वारा मंदिर प्रांगण की बाउंड्री बाल निर्माण कार्य हेतु विधायक निधि से पांच लाख रुपए की राशि देने की घोषणा की। इस अवसर पर पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष हेमंत टाले, भूपेश पटेल, अहद खान, गोविंद व्यास, अमर रोजलानी, देवीदिन चावड़ा, ध्यान सिंह तोमर, राकेश सुरमा सहित वार्ड वासी उपस्थित थे।

## जनसुनवाई में कलेक्टर सिंह ने सुनी नागरिकों की समस्याएं



**खंडवा।** शासन के निर्देशानुसार प्रत्येक मंगलवार को जनसुनवाई कार्यक्रम के तहत नागरिकों की शासकीय कार्यालयों से संबंधित समस्याओं का निराकरण अधिकारियों द्वारा किया जाता है। इसी क्रम में आज कलेक्टर अनूप कुमार सिंह ने कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में अपनी समस्याओं के आवेदन लेकर आए विभिन्न नागरिकों की समस्याएं सुनी और उनके त्वरित निराकरण के लिए मौके पर उपस्थित अधिकारियों को निर्देश दिए। इस दौरान विभिन्न विभागों के जिला अधिकारीगण मौजूद थे।

## ओवरलोड रेत परिवहन करने वाले डंपर जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदा



थाना यातायात द्वारा अवैध रूप से ओवरलोड रेत परिवहन करने वाले डंपरों पर कार्रवाई की जा रही है। जिसके तहत थाना यातायात द्वारा 6 ओवरलोड रेत परिवहन करने वाले डंपरों को जप्त किया। जिसमें डम्पर चालक राहुल, चालक ऋषिकेश श्रीवास्तव, चालक आकाश नायक, चालक सुरेश राठौड़, राजेश राठौर, चालक कमलेश के खिलाफ उक्त डंपरों पर ओवरलोड परिवहन का प्रकरण दर्ज किया। इन सभी को न्यायालय पेश किया जावेगा। थाना यातायात द्वारा पूर्व में जप्त किए डंपर के चालक योगेश मीणा एवं चालक रोहित को न्यायालय में पेश किया गया। न्यायालय द्वारा दोनों डंपरों पर कुल 1,18,770 का जुर्माना किया गया।

## जनसुनवाई में अधिकारियों ने सुनी नागरिकों की समस्याएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदा



जनसुनवाई कार्यक्रम के तहत प्रत्येक मंगलवार को शासकीय कार्यालयों में नागरिकों की समस्याएं सुनी जाती है। इसी क्रम में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी रोहित सिसोनिया ने जिला पंचायत के सभाकक्ष में उपस्थित नागरिकों की समस्याएं सुनी और उनके निराकरण के लिये अधिकारियों को निर्देश दिये। इस दौरान संयुक्त कलेक्टर केसी परते सहित अन्य विभागीय अधिकारी भी मौजूद थे। जनसुनवाई में सीईओ श्री सिसोनिया को आवेदन देकर ग्राम बन्दीमुहाड़यि निवासी आयुष वर्मा ने बताया कि उसके पिता पंचायत सचिव थे। उनके अचानक निधन के पश्चात अनुकम्पा नियुक्ति अभी तक नहीं मिली है, जिस पर उन्होने आवेदक को पात्रता अनुसार अनुकम्पा नियुक्ति दिलाने हेतु आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिये। इसके अलावा अन्य आवेदकों ने भी जनसुनवाई में अपनी समस्याओं से संबंधित आवेदन प्रस्तुत किये, जिस पर सीईओ श्री सिसोनिया ने संबंधित अधिकारियों को आवेदनों का समय सीमा में निराकरण के निर्देश दिये।

## सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक पोस्ट करने पर होगी दंडात्मक कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ खंडवा

वॉट्सअप, फेसबुक व सोशल मीडिया के अन्य साधनों से आपत्तिजनक पोस्ट करने एवं धार्मिक भावनाएं भड़काने वालों के विरूद्ध दण्डात्मक कार्यवाही की जायेगी। अपर जिला दण्डाधिकारी के.आर. बड़ोले ने इस संबंध में दण्ड प्रक्रिया की धारा 144 के तहत प्रतिबंधात्मक आदेश जारी कर दिये है।

जारी आदेश के अनुसार आपत्तिजनक संदेश, फोटो या वीडियों को फारवर्ड करने अथवा पोस्ट करने पर ग्रुप एडमिन तथा संदेश प्रसारित करने वाले के विरूद्ध यह दण्डात्मक कार्यवाही होगी। आदेश का उल्लंघन करने पर धारा 188 के तहत कार्यवाही की जायेगी। फेसबुक संचालन करने वाले नागरिक तथा वॉट्सअप ग्रुप एडमिन अपने ग्रुप में धार्मिक भावना को ठेस पहुंचाने वाले संदेश के लिए जिम्मेदार होंगे। अतः वे स्वयं ऐसा कोई विवादास्पद संदेश न तो खुद प्रसारित करे और ना ही अपने ग्रुप के सदस्यों को ऐसा करने दें। यदि वॉट्सअप ग्रुप में कोई आपत्तिजनक संदेश ग्रुप के किसी भी सदस्य द्वारा प्रसारित किया जाता है तो एडमिन की जिम्मेदारी होगी कि वह इसके संबंध में निकटतम पुलिस थाने को सूचित करे। ऐसा न करने पर ग्रुप एडमिन घटना के लिए जिम्मेदार माना जायेगा। सभी नागरिकों से अपील की गई है कि वे वॉट्सअप अथवा फेसबुक पर किसी धर्म सम्प्रदाय के संबंध में आपत्तिजनक संदेश या चित्र फारवर्ड न करे। यह आदेश तत्काल प्रभाव से लागू कर दिया गया है

## रिटर्निंग और सहायक रिटर्निंग अधिकारी किए गए नियुक्त

**हरदा।** जिले के विकासखण्डों की पंचायतों में पंचों के 254 रिक्त पद है। इन पदों की पूर्ति के लिये उप निर्वाचन होगा। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ऋषि गर्ग ने इसके लिये रिटर्निंग आफिसर एवं सहायक रिटर्निंग ऑफिसर नियुक्त किए हैं। विकासखण्ड हरदा के लिये तहसीलदार रामकिशोर झरबड़े को रिटर्निंग आफिसर तथा नायब तहसीलदार हंडिया लवीना घाघरे को सहायक रिटर्निंग आफिसर नियुक्त किया है। इसी प्रकार विकासखण्ड खिरकिया के लिये तहसीलदार खिरकिया राजेन्द्र पंवार को रिटर्निंग आफिसर व नायब तहसीलदार सिराली भगवान दास तमखानिया को सहायक रिटर्निंग आफिसर नियुक्त किया गया है। विकासखण्ड टिमरनी के लिये तहसीलदार टिमरनी प्रमेश जैन को रिटर्निंग आफिसर तथा नायब तहसीलदार रहटगांव रश्मि धुर्वे को सहायक रिटर्निंग आफिसर नियुक्त किया गया है। विकासखण्ड हरदा की ग्राम पंचायतों में रिक्त पंचायत पद के लिये नाम निर्देशन पत्र तहसीलदार न्यायालय हरदा में प्राप्त किये जायेंगे। इसी तरह विकासखण्ड खिरकिया की ग्राम पंचायतों में रिक्त पंचायत पद के लिये नाम निर्देशन पत्र तहसीलदार न्यायालय खिरकिया में प्राप्त किये जायेंगे। विकासखण्ड टिमरनी की ग्राम पंचायतों में रिक्त पंचायत पद के लिये नाम निर्देशन पत्र तहसीलदार न्यायालय टिमरनी में प्राप्त किए जाएंगे।

## शस्त्र लायसेंस नवीनीकरण के लिए आवेदन लोकसेवा केंद्र में जमा कराएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ खंडवा

खंडवा जिले के सभी विकासखण्ड क्षेत्रांतर्गत आने वाले शस्त्र लायसेंसधारियों के शस्त्र लायसेंस जिनका नवीनीकरण 31 दिसम्बर, 2023 की स्थिति में समाप्त हो रहा है, उनके शस्त्र लायसेंस का नवीनीकरण का कार्य प्रारंभ हो गया है। अपर जिला दण्डाधिकारी ने बताया कि लायसेंसधारी अपने आवेदन निकटतम लोक सेवा केन्द्र में निर्धारित आवश्यक दस्तावेज सहित जमा करावें ताकि नवीन शस्त्र लायसेंस नवीनीकरण की कार्यवाही की जा सके। बताया गया है कि शस्त्र लायसेंस नवीनीकरण के लिए आवेदक को अपने नवीनतम रंगीन छायाचित्र के साथ आवेदन पत्र एवं संलग्न निर्धारित प्रपत्र में शपथ पत्र प्राप्त करना होगा। लायसेंसी को विद्युत बिल बकाया नहीं होने के संबंध में सक्षम अधिकारी द्वारा जारी अदेय प्रमाण पत्र भी जमा कराना होगा। साथ ही आवेदक को वर्तमान में खण्डवा जिले में निवास संबंधी प्रमाण पत्र यथा बिजली बिल या टेलीफोन बिल या राशन कार्ड इनमें से कोई एक की छायाप्रति जमा कराना होगी। साथ ही आधार कार्ड की स्वप्रमाणित छायाप्रति तथा मूल शस्त्र लायसेंस संलग्न कराना होगा।

## 'टिमरनी का हो वास्तविक और असली विकास'



**सिराली।** टिमरनी विधायक अभिजीत शाह ने ग्राम बासीगढ में 10 लाख 22 हज़ार निर्माण कार्य लागत से आंगनवाड़ी भवन का भूमि पूजन किया। कार्यक्रम के दौरान जनपद अध्यक्ष रानू दशरथ पटेल, दसरथ पटेल, हरिशंकर काजले, संजय साध लोलागरा, सुरेश गुर्जर, शैतान सिंह राजपूत आदि साथ में मौजूद रहे।

### दुर्घटनाओं को लेकर चिन्हिंत किए ब्लैक स्पॉट, आए दिन हो रही दुर्घटनाओं पर जताई नाराजगी

# एसपी धर्मवीर सिंह ने किया झुमकी घाट और झुमकी फाटे का निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ झिरन्या



चित्तौड़गढ़ भुसावल राष्ट्रीय मार्ग के झुमकी घाट और झुमकी फाटे के अंधे मोड़ों पर हो रही दुर्घटनाओं को लेकर पुलिस अधीक्षक धर्मवीर सिंह ने नाराजगी व्यक्त की है। उन्होंने कहा कि इन घाटों के दोनों ओर अधिक ढलान और झाड़ियां हैं, जिससे आमने-सामने आने वाले वाहन चालकों को दिखाई नहीं देते हैं। इन्हीं कारणों से वहां सर्वाधिक दुर्घटनाएं हो रही है।

इस प्रतिनिधि द्वारा उनका ध्यान आकृष्ट करने पर पुलिस अधीक्षक सिंह वहां पहुंचे थे। उनके साथ एसडीओ पुलिस भीकनगांव राकेश आर्य सहित अन्य पुलिस अधिकारी भी थे। उन्होंने स्वयं मार्ग के दोनों ओर झाड़ियों से ढके हुए रास्तों का निरीक्षण किया और कहा कि बारिश में इनकी कटिंग और साफ सफाई ही नहीं की गई है। जिससे सड़कों के दोनों ओर से वाहन चालकों को दिखाई नहीं देता है। इसलिए वाहनों के आमने-सामने आने पर दुर्घटनाएं हो जाती है। उन्हें इस प्रतिनिधि ने जानकारी दी कि इन अंधे मोड़ों के रास्तों में तकनीकी खामियां और ढलान अधिक है। जिससे वाहनों के नीचे उतरने के दौरान ब्रेक फेल हो जाते हैं और अनियंत्रित होकर दुर्घटनाग्रस्त हो जाते हैं। जिससे कई वाहन आए दिन दुर्घटनाएं हो रही है और निर्दोष लोग असामयिक मौत का शिकार हो रहे हैं।

### ब्लैक स्पॉट घोषित होंगे

पुलिस अधीक्षक सिंह ने कहा है कि झुमकी घाट और झुमकी फाटे को ब्लैक स्पॉट घोषित करने के लिए आवश्यक कार्रवाई की जावेगी। उन्होंने इस संबंध में एसडीओ पुलिस भीकनगांव राकेश आर्य को आवश्यक प्रतिवेदन प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं। जिसमें पुलिस थाने में दर्ज मामलों और शा.अस्पतालों में पहुंचे घायलों एवं मृतकों की संख्या भी शामिल की जाएगी। राष्ट्रीय मार्ग के दोनों घाटों को ब्लैक स्पॉट घोषित करने के लिए विभागीय कार्रवाई की जावेगी। मैंने दूरभाष पर नेशनल हाईवे के अधिकारी को भी आवश्यक कदम उठाने के लिए कहा है। जिला यातायात सलाहकार समिति में भी इस मुद्दे को रखा जाएगा। धर्मवीरसिंह, पुलिस अधीक्षक खरगोन झुमकी घाट और झुमकी फाटे को ब्लैक स्पॉट घोषित करने के लिए पुलिस अधीक्षक ने उन्हें आवश्यक निर्देश दिए हैं। वे दुर्घटनाओं के आंकड़े और अनुशंसा सहित जांच प्रतिवेदन शीघ्र ही प्रस्तुत करेंगे।

## आशा कार्यकर्ताओं को आयुष्मान कार्ड बनाने के लिए दिया गया प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ खंडवा



मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. ओ.पी. जुगतावत के मार्गदर्शन में जिले की आशा कार्यकर्ताओं को आयुष्मान कार्ड बनाने के लिए आयुष्मान एप का प्रशिक्षण दिया गया। नोडल अधिकारी डॉ. रश्मि कौशल ने बताया कि सोमवार को विकासखण्ड छैगावमाखन, पंधाना एवं मंगलवार को खालवा व हरसुद की आशा कार्यकर्ताओं को यह प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण आयुष्मान जिला कॉर्डिनेटर महेन्द्र सिंह गौड़ व अनीश खान ने दिया। डॉ. कौशल ने बताया की पात्र हितग्राही आशा के माध्यम से आयुष्मान एप द्वारा अपना कार्ड बनवा सकते है। साथ ही पात्र हितग्राही घर बैठे ही आयुष्मान एप डाउनलोड कर अपना कार्ड बना सकते है। आयुष्मान भारत निरामयम के लिए सामाजिक, आर्थिक, जातिगत गणना में सम्मिलित पात्र परिवार तथा संबल योजना कार्ड धारक परिवार, खाद्य पर्ची धारक परिवार के हितग्राही भी सम्मिलित है। आयुष्मान कार्ड परिवार अपना इलाज शासकीय मेडिकल कॉलेज, जिला अस्पताल, शासन द्वारा अधिकृत निजी अस्पतालों में निःशुल्क इलाज भर्ती होकर करवा सकते है। इस योजना के अंतर्गत एक परिवार में एक वित्तीय वर्ष में 5 लाख रूपये तक का केशलेस इलाज किया जाता है। अधिक जानकारी व लाभ के लिए निःशुल्क हेल्प लाईन 18002332085 व 14555 पर सम्पर्क कर जानकारी प्राप्त कर सकते है।